सोमवार
06 नवंबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



अमित शाह का चरित्र ही दोहरा है: ललन सिंह

2






## अपने जन्मदिन पर 49वां शतक जड़ विराट ने सचिन के रिकॉर्ड की बराबरी की

**कोलकाता।** पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने विश्व कप 2023 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ शतक जड़ते ही महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के 49वें वनडे शतक के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। कोहली ने यह खास उपलब्धि अपने जन्मदिन के दिन हासिल की है। इसके साथ ही वह जन्मदिन पर वनडे क्रिकेट में शतक जड़ने वाले भारत के तीसरे और दुनिया के 7वें बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने अपने 35वें जन्मदिन पर 119 गेंदों में शतक पूरा किया।

**सचिन से कम पारियों में लगाए 49 शतक:** सचिन ने अपने वनडे करियर में 463 मैच खेले। इस दौरान 452 पारियों में 18426 रन बनाए। उनका औसत 44.83 का रहा। तेंदुलकर ने 49 शतक और 96 अर्धशतक लगाए। विराट ने 277वीं पारियों में ही यह उपलब्धि हासिल कर ली। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 49वें ओवर में अपना 49वां शतक पूरा किया।

**टॉप-5 में तीन भारतीय:** तेंदुलकर और कोहली के बाद सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने वालों में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा हैं। रोहित ने 259 मैच की 251 पारियों में 31 सैकड़े लगाए हैं। उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का नंबर है। पोंटिंग ने 375 मैच खेले हैं। उनके 365 पारियों में 30 शतक हैं। इन दोनों के बाद पांचवें स्थान पर श्रीलंका के पूर्व कप्तान सनथ जयसूर्या हैं। उन्होंने 445 मैच की 433 पारियों में 28 शतक लगाए हैं।

**तेंदुलकर ने कोहली को दी बधाई:** सचिन तेंदुलकर ने अपने 49 शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी करने के लिए विराट कोहली की तारीफ की है। उन्होंने एक्स पर लिखा, विराट आपने अच्छा खेला। मुझे 49 से 50 शतक तक पहुंचने में 365 दिन लग गए थे। मुझे उम्मीद है कि अगले कुछ दिनों में आप 49 से 50 पर पहुंच जाएंगे और मेरा रिकॉर्ड तोड़ देंगे। बधाई हो।

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मुजफ्फरपुर में सभा को किया संबोधित, बोले...

# पलटूराम ने जनादेश का द्रोह किया

- छठ मईया से प्रार्थना है कि बिहार जंगलराज से मुक्त हो, पलटूराम से मुक्त हो
- बोले- बिहार में गुंडाराज वापस लाने के लिए नीतीश जिम्मेदार हैं
- लालू-नीतीश कुमार की जोड़ी ने हमेशा पिछड़ी आबादी का अपमान किया

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के दौरे पर आए अमित शाह ने एक बार फिर हुंकार भरी। मुजफ्फरपुर के पताही एयरपोर्ट ग्राउंड मैदान में अमित शाह ने कहा कि सबसे पहले मैं आप सभी बिहार की जनता को छठ महापर्व की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देना चाहता हूं। अभी से ही छठ का उत्साह लोगों के बीच देखने को मिल रहा है। मैं छठ मईया से प्रार्थना करता हूं, कि आने वाले समय में बिहार जंगलराज से मुक्त हो, पलटूराम से मुक्त हो। इस बार आप सभी से सबसे बड़ी विनती है, 2025 में बिहार में भाजपा की सरकार बनानी है। आपने जब-जब आशीर्वाद दिया, पलटूराम ने पलटी मारकर जनादेश का द्रोह किया। 2014 में बिहार की जनता ने मोदी जी को 31 सीटें दी और 2019 में 39 सीटें दी। इस बार 24 में 1 की कमी रह गई है इसीलिए 40 की 40 सीटें मोदी जी की झोली में डाल दीजिए। अमित शाह ने कहा कि मुजफ्फरपुर (बिहार) की जनसभा में उमड़ा ये जन सैलाब बिहार से जंगलराज को हटाने के लिए तैयार है। मित्रों आपने जब जब एनडीए को आशीर्वाद दिया तब तब पलटू राम पलटी मार गए। आपके जानदेश का अपमान कर गए। उन्होंने लालू यादव से मिलकर सरकार बना ली। अब 2024 और 2025 में आशीर्वाद देकर भाजपा को विजयी बनाएं।




### सर्वे में यादव-मुस्लिमों की आबादी बढ़ाकर दिखाई गई

वहीं जाति आधारित गणना की रिपोर्ट पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह सर्वे छलावा है। यादव और मुस्लिमों की आबादी को बढ़ाकर दिखाई गई और अति पिछड़े समाज की संख्या को काफी कम दिखाया गया है। अति पिछड़े समाज के साथ लालू-नीतीश की सरकार ने धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जाति गणना का समर्थन किया था लेकिन हमें नहीं पता था कि लालू-नीतीश की सरकार ने अति पिछड़े समाज के साथ धोखा करेगी। यह लोग कहते हैं जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। ठीक है लालू जी तो क्या आप इसकी घोषणा करोगे कि आपके इंडी एलायंस से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार अति पिछड़ा वर्ग का होगा। महागठबंधन सरकार पर गृह मंत्री अमित शाह ने तुष्टिकरण का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया, बिहार में गुंडाराज वापस लाने के लिए नीतीश जिम्मेदार हैं। लालू-नीतीश कुमार की जोड़ी ने हमेशा पिछड़ी आबादी का अपमान किया।

### नीतीश जी आगे-आगे देखिए लालू यादव क्या करते हैं

गृह मंत्री ने कहा कि मैं पलटू बाबू को कहना चाहता हूं कि आपने जनाद्रोह किया। लेकिन, मोदी जी की सरकार ने देश से आतंकवाद को उखाड़ने का काम किया है। राजद और जदयू धारा 370 हटाने के पक्ष में नहीं थे। उन्होंने धारा 370 हटाने पर कश्मीर में खून की नदियां बहने की बात कही थी। लालू जी खून की नदियां तो छोड़ो, एक कंकड़ तक अब तक नहीं चला। अमित शाह ने पूछा कि यह 2जी घोटाला करने वाला इंडी एलांयस चाहिए या 5जी देने वाली नरेंद्र मोदी की सरकार चाहिए? उन्होंने नीतीश कुमार तंज सकते हुए कहा कि आपको तो प्रधानमंत्री पद छोड़िए संयोजक तक नहीं बनाया गया। मैंने तो पहले भी कहा था कि तेल-पानी एक नहीं हो सकता है। आगे-आगे देखिए लालू यादव क्या करते हैं। आप हर रोज छटपटा रहे हैं, लालू जी से निकलना तो है लेकिन रास्ता नहीं बना है। इसलिए कांग्रेस पर भड़ास निकालते हैं। बिहार की जनता से अमित शाह ने पूछा कि बिहार के लोग बताएं अयोध्या में राम मंदिर बनना चाहिए था कि नहीं बनना चाहिए था? 22 जनवरी 2024 में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी।

### एक फोन पर घर पहुंचती है शराब की बोतल: सम्राट



बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने रैली को संबोधित करते हुए नीतीश-तेजस्वी की सरकार पर हमला बोला और कहा कि बीजेपी की कृपा से लालू और नीतीश बिहार के मुख्यमंत्री बने। सम्राट चौधरी ने कहा कि एक नहीं दो-दो बार नीतीश कुमार ने पलटी मारकर भाजपा को छोड़ने का काम किया। 2020 में जब बिहार की जनता ने नीतीश कुमार को मात्र 43 सीट देने का काम किया तब भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया लेकिन 2022 में पलटी मारकर फिर से वे भाग गए। नीतीश कुमार को पांच बार बिहार का मुख्यमंत्री बनाया लेकिन वे भागते चले गए। सम्राट चौधरी ने अमित शाह से अपील की कि बिहार की जनता अब अब इस पलटीमार को कभी भी कंधे पर नहीं बैठाना चाहती है। बिहार के लोगों को नीतीश कुमार ने शराबी बनाने का काम किया। 2005 में जहां मात्र 987 शराब की दुकानें बिहार में थी और नीतीश कुमार की सरकार ने जब 2016 में शराब की दुकानें बंद की तो उस वक्त शराब दुकानों की संख्या बढ़कर 11 हजार हो गई थीं, इसलिए 11 गुना अधिक बिहार के लोगों को शराबी बनाने का काम नीतीश कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि आज हालात हैं कि सिर्फ एक फोन घुमाइए शराब की बोतल आपके घर पर पहुंच जाएगी। बिहार के घर घर तक शराब पहुंचाने का काम किया जा रहा है। बिहार में गुंडाराज और शराब माफिया का राज स्थापित हो गया है। बिहार में जमीन माफिया का राज स्थापित हो गया।

## दिल्ली में हवा की स्थिति बेहद गंभीर ग्रैप-4 व्यवस्था लागू

**नई दिल्ली।** राजधानी में हवा की स्थिति बेहद गंभीर स्थिति में पहुंच गई है। स्थिति यह है कि दिल्ली में कई जगह एक्यूआई 500 के करीब पहुंच गई है। ऐसे में एयर क्वालिटी मैनेजमेंट कमिशन ने राजधानी में ग्रैप-4 लागू कर दिया है। ग्रैप-4 लागू होते ही आवश्यक सामान ले जाने वाले, आवश्यक सर्विसेज वाले और सभी सीएनजी, इलेक्ट्रिक ट्रकों को छोड़कर बाकी ट्रकों की दिल्ली में एंट्री पर रोक लग जाएगी। इसके अलावा प्राइमरी स्कूल को 10 नवंबर तक बंद करने का फैसला लिया जा चुका है। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति के मद्देनजर सार्वजनिक परियोजनाओं से संबंधित निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध लगाया गया है। दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर स्कूल छठी से 12वीं तक के छात्रों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं संचालित कर सकते हैं। ग्रैप के चार चरण हैं। पहले फेज को लागू करने के लिए, एक्यूआई 201 और 300 के बीच होना चाहिए। वहीं, फेज क्क तब लागू होता है जब एक्यूआई 301-400 के बीच होता है। फेज 3 उस समय लागू होता है जब एक्यूआई 401-450 के बीच होता है। वहीं, फेज 4 बेहद गंभीर स्थिति पर लागू किया जाता है। आखिर फेज के लिए एक्यूआई का मानक 450-500 है।


प्रदूषण के मद्देनजर ग्रैप-3 के तहत बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल की कारों पर दिल्ली प्राइवेट कंस्ट्रक्शन कार्यों को पूरी तरह से बंद किया गया है। धूल फैलाने वाली गतिविधियों जैसे खुदाई, बोरिंग, ड्रिलिंग, स्ट्रक्चरल कंस्ट्रक्शन, वेल्डिंग वर्क्स, डिमॉलिशन, प्रोजेक्ट साइट से बाहर निर्माण सामग्री की लोडिंग-अनलोडिंग टाइल्स काटने के कामों पर भी पूरी तरह से रोक है। ग्राइंडिंग एक्टिविटी, वॉटर प्रूफिंग वर्क पर भी प्रतिबंध है।

## महिला सैनिकों को अब एक समान मातृत्व अवकाश

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने महिला सैनिकों को दिवाली से पहले बड़ा तोहफा दिया है। अब महिला सैनिकों को एक समान मातृत्व अवकाश मिलेगा, भले ही वो किसी रैंक पर हों। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभी महिला सैन्यकर्मियों को समान रूप से मातृत्व, शिशु देखभाल और दत्तक ग्रहण अवकाश देने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस फैसले से सशस्त्र बलों में हर रैंक की महिलाओं की समावेशी भागीदारी सुनिश्चित होगी।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इन नियमों के जारी हो जाने से सेना में सभी महिलाओं को समान रूप से ये छुट्टियां मिलेंगी, भले ही वे कोई अधिकारी हो या किसी अन्य रैंक पर कार्यरत हों। मंत्रालय के मुताबिक इस कदम से सेना में महिलाओं को अपने पेशेवर एवं पारिवारिक जीवन को बेहतर तरीके से संतुलित करने में मदद मिलेगी तथा इससे कामकाजी स्थिति में सुधार होगा।




इस समय महिला अधिकारियों को हर बच्चे के लिए 180 दिन का मातृत्व अवकाश मिलता है। यह नियम अधिकतम दो बच्चों पर लागू होता है। महिला अधिकारियों को संपूर्ण सेवा कार्यालय में 360 दिन का शिशु देखभाल अवकाश मिलता है। इसके लिए बच्चे की आयु 18 वर्ष से कम होनी चाहिए। एक वर्ष से कम उम्र के बच्चे को गोद लेने की वैध तिथि के बाद 180 दिनों की दत्तक ग्रहण छुट्टी दी जाती है।

## मुझे गरीबी जानने के लिए किताब पढ़ने की जरूरत नहीं: पीएम मोदी

**एजेंसी/सिवनी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मध्य प्रदेश के सिवनी में चुनाव प्रचार के दौरान के विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अपनी सरकार के फैसले को दोहराते हुए गरीबों के लिए मुफ्त राशन योजना को पांच साल और बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि मैं गरीबी जीकर आया हूं, मुझे गरीबी जानने के लिए किसी किताब को पढ़ने की जरूरत नहीं है।

रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी बोले, मैंने गरीबों के दर्द को महसूस किया है। इसलिए हमने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना जो दिसंबर महीने में पूरी हो जाएगी, उसे अगले 5 वर्षों के लिए जारी रखने का निर्णय लिया है। अब अगले पांच सालों तक फ्री राशन दिया जाएगा। यह मोदी की गारंटी है। पीएम ने आगे कहा कि यह बीजेपी है, जिसके लिए गरीब, पिछड़ा, दलित, आदिवासी सब परिवार का हिस्सा है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस का नारा है, गरीब की जेब साफ, काम हाफ से भी हाफ।




### अक्टूबर 2023 में पीएम मोदी के बाद सीएम योगी के हैंडल को लेकर हुई सबसे अधिक चर्चा

# एक्स पर सीएम योगी देश के दूसरे सबसे चर्चित राजनेता

- सोशल मीडिया हैशटैग ट्रैकिंग टूल 'ट्वीट बाइंडर' की ताजा रैंकिंग जारी
- लोकप्रियता के मामले में सीएम योगी राजनेता ही नहीं अन्य बड़ी हस्तियों से भी आगे

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

सोशल मीडिया पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सर्वाधिक चर्चित राजनेताओं में शुमार हैं। हैशटैग ट्रैकिंग टूल 'ट्वीट बाइंडर' ने इसकी पुष्टि की है। ट्वीट बाइंडर की ओर से जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार अक्टूबर 2023 में पीएम मोदी के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जिस राजनेता के अकाउंट की सर्वाधिक चर्चा हुई है वो कोई और नहीं बल्कि सीएम योगी हैं। ट्वीट बाइंडर की इस रैंकिंग को भारत में एक्स यूजर्स द्वारा 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक पोस्ट की संख्या के आधार पर तैयार की है। उल्लेखनीय है कि ट्वीट बाइंडर एक हैशटैग एनालिटिक्स और फॉलोअर ट्रैकिंग टूल है। यह ट्विटर हैशटैग एनालिटिक्स और ट्विटर मॉनिटरिंग के लिए डिजाइन किया गया है।



### लोकप्रियता में सीएम योगी राहुल गांधी से आगे

ट्वीट बाइंडर की रैंकिंग के अनुसार अक्टूबर में एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अकाउंट पर सर्वाधिक चर्चा की गई है, जबकि इसके बाद सीएम योगी दूसरे राजनेता हैं जिन पर चर्चा हुई है। यह सोशल मीडिया पर सीएम योगी की बढ़ती लोकप्रियता का जीवंत उदाहरण है। लोकप्रियता के मामले में सीएम योगी कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी से कहीं आगे हैं। वहीं ओवरआल सूची की बात करें तो पीएम मोदी, भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली और साउथ के एक्टर विजय ही सीएम योगी से आगे हैं। यहां तक कि भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा, बॉडीवुड एक्टर सलमान खान, राहुल गांधी, शाहरुख खान और अक्षय कुमार जैसे सेलेब्रिटी भी सीएम योगी से बहुत पीछे नजर आते हैं।

**प्रदेश ही नहीं, देश और विदेशों में भी सीएम योगी की धूम:** अपनी लोक कल्याणकारी नीतियों, अपराध व अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की शैली तथा समस्या के त्वरित निराकरण के लिए अपने निर्णयों के चलते प्रदेश ही नहीं बल्कि देश और देश की सीमाओं को लांघते हुए वैश्विक पटल पर सीएम योगी के फैंस की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। पाकिस्तान से लेकर ऑस्ट्रेलिया, इजरायल, अमेरिका और इंग्लैंड तक सीएम योगी के नाम की धूम है। देश के पांच राज्यों में चल रहे विधान सभा चुनाव प्रचार में योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री मोदी के बाद सर्वाधिक डिमांडिंग शख्सियत हैं। कश्मीर से कन्याकुमारी, कच्छ से कामरूप, बनारस से बेंगलुरु, मुंबई से मुंगेर, गोरखपुर से गुवाहाटी, रामपुर से रामेश्वरम, अयोध्या से अजमेर तक समूचे देश में योगी की लोकप्रियता नए मुकाम हासिल कर रही है।

### सोशल मीडिया पर सबसे सक्रिय राजनेता हैं सीएम योगी

सोशल मीडिया पर सीएम योगी की गिनती सबसे सक्रिय और लोकप्रिय राजनेता के रूप में है। सीएम योगी के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 2.65 करोड़ फॉलोअर्स हैं। वहीं, इंस्टाग्राम पर उनके फॉलोअर्स की संख्या 77 लाख का आंकड़ा पार कर चुकी है। इसके अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी सक्रिय हैं। कू एप पर भी उनके फॉलोअर्स की संख्या 68 लाख है और इस प्लेटफॉर्म पर वह फॉलोअर्स के मामले में सबसे ऊपर हैं। हाल ही में सीएम योगी का वॉट्सएप चैनल भी शुरू हुआ है, जिसमें करीब 15 लाख फॉलोअर्स जुड़ चुके हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री के नीतीश कुमार पर आरोप लगाने पर भड़के जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बोला हमला

# अमित शाह का चरित्र ही दोहरा है: ललन सिंह

- 2010 में नीतीश अकेले सरकार बना सकते थे। 115 सीट जीते थे, लेकिन नीतीश कुमार ने आपको अपने कंधे पर चढ़ाया
- 2020 में हमारी पार्टी के एक नेता को मिलाकर आपने नीतीश को कमजोर करने की साजिश की

**केटी न्यूज/पटना**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को मुजफ्फरपुर में आयोजित सभा में सीएम नीतीश कुमार पर जनादेश के अपमान का आरोप लगाया। इस पर जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा कि 2005 में ज्यादा संख्या में कौन था? 2010 में नीतीश कुमार अकेले सरकार बना सकते थे। 115 सीट जीते थे। बाद में तीन लोग आ गए तो 118 हो गए, लेकिन नीतीश कुमार ने आपको अपने कंधे पर चढ़ाया। कंधे पर चढ़ाकर चलाया कि गठबंधन का साथी कोई कमजोर है तो उसको कंधे पर चढ़ाएं।

ललन सिंह ने सवाल किया कि आपने 2020 में क्या किया? हमारी पार्टी के एक नेता को मिलाकर आपने नीतीश कुमार को कमजोर करने की साजिश की। जब नीतीश कुमार को जनाधार से कमजोर नहीं कर सके तो षड्यंत्र करके कमजोर किया। एक पार्टी को खड़ा करके जनता दल यू की सीट को हरवाने का काम किया। उसमें हमारे पार्टी के एक नेता आपके सहयोगी हो गए जिस पर नीतीश कुमार ने भरोसा किया था। कहा कि अमित शाह जातीय गणना की रिपोर्ट पर कहते हैं कि बीजेपी साथ थी। जेडीयू के 11 लोगों का प्रतिनिधिमंडल आपसे मिलकर देश भर में इसे करवाने के लिए कहा था और आज आप ऐसा बोल रहे हैं। आपका चरित्र ही दोहरा है। आपने जातीय गणना रुकवाने के लिए पटना हाई कोर्ट में याचिका दायर करवाई। यहां से खारिज होने के बाद सुप्रीम कोर्ट गए।

### जातीय सर्वे की रिपोर्ट 100 फीसदी सही

जातीय सर्वे के आंकड़ों को ललन सिंह ने 100 फीसद सही बताया। कहा कि अगर ऐसा नहीं है तो आप एलान कर देते कि देश भर में जातीय आधारित गणना करवाएंगे और जो गलत आंकड़ा आप बिहार का बता रहे हैं उसको सही कर देते। आपको ईमानदारी से कहना चाहिए कि आपने इसको रोकने की कोशिश की थी। ललन सिंह ने कहा कि अमित शाह नारी सशक्तिकरण की बात करते हैं। नीतीश कुमार से सशक्तिकरण के बारे में समझिए। आप कह रहे हैं कि महिला आरक्षण का बिल लाए हैं। कौन सा बिल लाए हैं? खोदा पहाड़ निकली चुहिया। कब लागू होगा? आपने संसद का विशेष सत्र बुलाया अपनी महिमामंडन करने के लिए। आप दिसंबर वाले सत्र में लाते, विशेष सत्र की क्या आवश्यकता थी? ललन सिंह ने कहा कि 2104 के चुनाव में जो वादा किया था उसको बताना चाहिए। प्रधानमंत्री ने वादा किया और आपने चुनाव के बाद कहा कि ये सब चुनावी जुमला है, जबकि नीतीश ने जो वादा किया वो पूरा हो रहा है। बिहार की जनता सब समझ रही है कि आपका चरित्र क्या है। आप सब जुमलेबाजी हैं।

## बिहार में जातीय सर्वे गलत हुआ है तो अमित शाह देश भर में करा लें, कौन रोका है: तेजस्वी

**केटी न्यूज/पटना**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुजफ्फरपुर में आयोजित सभा के दौरान बिहार के जातीय सर्वे पर सवाल उठाया है कि सर्वे में मुस्लिम और यादवों की संख्या बढ़ाई गई है। लालू प्रसाद यादव के दबाव में यह संख्या बढ़ाई गई है। ईबीसी की आबादी को कम किया गया है। इस पर डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने प्रतिक्रिया दी है।

तेजस्वी यादव ने कहा कि देश के गृह मंत्री हैं आए हैं अच्छी बात है। हमने उनका बयान सुना है कि यादव-मुस्लिम की सर्वे में संख्या बढ़ा दी गई और बाकी का कम कर दिया गया है। मैं तो यही कहना चाहूंगा कि अगर इतना ही गलत हुआ है तो अमित शाह देश भर में करा लें, कौन रोका है? फिलहाल जितने बीजेपी शासित राज्य हैं वहां भी करवा लें जातीय जनगणना। क्यों नहीं करवा रहे हैं? तेजस्वी यादव ने कहा कि केंद्र में जितने कैबिनेट मंत्री हैं बिहार से वो ओबीसी से हैं कि अति पिछड़ा हैं? बीजेपी के जितने मुख्यमंत्री हैं उनमें कितने ओबीसी और अतिपछिड़ा से हैं? ये बकवास की बातें उन्हीं के मुंह से शोभा देती है। यहां बकवास बोलने आते हैं। झूठ बोलने आते हैं। कुछ है नहीं कहने के लिए। जंगलराज वाले बयान पर तेजस्वी यादव ने कहा कि कलम बांटी जा रही और नौकरी दी जा रही है तो उस पर एक शब्द नहीं बोल रहे हैं। अमित शाह बताएं देश में बंट रही है कि नहीं? उनके प्रदेश में बंट रही है कि नहीं? जहां नौकरी दी जा रही है वहां जंगलराज हो ही नहीं सकता है।

## राजेंद्रनगर के स्टेशन मैनेजर से मांगी डेढ़ करोड़ की रंगदारी

**राजेंद्रनगर टर्मिनल रेल थाना में केस दर्ज**

**केटी न्यूज/पटना**



राजेंद्रनगर टर्मिनल के स्टेशन मैनेजर को पत्र भेजकर डेढ़ करोड़ की मांग की गई है। रकम नहीं देने पर धमकी दी गई है कि वंदे भारत, राजधानी एक्सप्रेस, जन शताब्दी समेत अन्य वीवीआईपी ट्रेनों को चलने नहीं दिया जाएगा। मामला पटना के राजेंद्र नगर ट्रामिनल स्टेशन मास्टर के पास भेजे गए पत्र का है जिसे साधारण डाक से भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को पत्र मिला है। लिफाफे पर मुहर भी साफ नहीं दिख रहा है। तीन-चार लाइन में ही धमकी भरा पत्र लिखकर स्टेशन मास्टर को डाक से भेजा गया है। पर्व-त्योहार के मौके पर इस तरह की धमकी भरा पत्र मिलने के बाद रेल अधिकारियों से लेकर रेल पुलिस के अधिकारियों में हड़कंप मच गया है।दानापुर रेल मंडल के अधकारियों व पुलिसकर्मियों के बीच चर्चा होने लगी।

इस बाबत टर्मिनल के स्टेशन अधीक्षक चंद्रशेखर ने राजेंद्रनगर टर्मिनल रेल थाना में केस दर्ज करा दिया है। केस दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की छानबीन करने में जुटी है। घटना की जांच करने के लिए रेल एसपी और डीएसपी टर्मिनल पहुंचे। दोनों पुलिस अधिकारियों ने मामले की छानबीन करने के साथ अन्य जानकारियां लीं।

सूत्रों के अनुसार, धमकी भरा पत्र लिखने वाले युवक को रामकृष्णानगर थाना के सहयोग से रेल जीआरपी की टीम ने हिरासत में ले लिया है। बताया जा रहा है की आरोपी युवक पेशे से शिक्षक है। ये पहले भी जेल जा चुका है। हाल में छूट कर आया था। वह जमीन के बदले लोगो को ठग फरार हो जाता है। आरोपी पटना सिटी जालान हाई स्कूल का शिक्षक बताया जा रहा है।

## सीतामढ़ी में पोखर में नहाने गए तीन बच्चों की डूबने से मौत

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार के सीतामढ़ी में रविवार को पोखर में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। घटना जिले के बाजपट्टी थाना क्षेत्र की है। एक साथ तीन बच्चों की पानी से भरे पोखर में डूबने से मौत की खबर सुनकर गांव में मातम पसर गया। देखते ही देखते गांव के लोगों की भीड़ जुट गई। पूरा मामला बाजपट्टी थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव का है। तीनों बच्चे चिमनी के बगल में पोखर में नहाने गए थे। इसी दौरान डूबने से सबकी मौत हो गई।

घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। गांव के लोग मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाने लगे। वहीं, घटनास्थल पर मौजूद लोगों से मिली सूचना पर बाजपट्टी थानाध्यक्ष पंकज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को पोस्टमार्टम के लिए सीतामढ़ी सदर अस्पताल भेजा।

**चिमनी संचालक ने खुदवाया था गड्ढा, डूब गए बच्चे:** इधर घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने बताया कि चिमनी मालिक ने ईंट बनाने को लेकर गहरा गड्ढा खुदवाया है। उसी जगह तीनों बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान तीनों बच्चे पोखर में गिर गए और डूबने से उनकी मौत हो गई।

### मृतकों में दो लड़कियां व एक लड़का शामिल

इस घटना में तीनों बच्चों में दो लड़कियां और एक लड़का शामिल है। उनकी पहचान बाजपट्टी थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव निवासी लाडली कुमारी, सोनी कुमारी और आदित्य कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष ने कहा कि बच्चे नदी में नहा रहे थे या खेलने के दौरान डूब गए हैं। इसकी जांच की जाएगी।

## भूमिहार-ब्राह्मण का तिरस्कार कर रही सरकार: आशुतोष

- बेगूसराय में भूमिहार ब्राह्मण महापंचायत का आयोजन, कई राज्यों से लाखों की संख्या में भूमिहार ब्राह्मण समाज के लोगों ने लिया कार्यक्रम में हिस्सा

**केटी न्यूज/पटना**



बेगूसराय के जीडी कॉलेज के प्रांगण में रविवार को भूमिहार ब्राह्मण महापंचायत का आयोजन किया गया। इसमें बिहार ही नहीं कई राज्यों से एवं बिहार के कई जिलों से लाखों लाख की संख्या में भूमिहार ब्राह्मण समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। भूमिहार ब्राह्मण एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूमिहार नेता आशुतोष कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी ज्ञान, त्याग, वीरता, तपस्या और विशाल हृदय से सवर्ण समाज का गौरवशाली इतिहास अक्षरों में अंकित है। लेकिन वर्तमान में शैक्षणिक, उच्च जाति समुदाय का शैक्षिक स्तर निम्न है। आर्थिक,राजनीतिक,व्यापारिक एवं सामाजिक स्थिति अत्यंत निराशाजनक है।

आशुतोष कुमार ने कहा कि समाज के लोगों को अपने मन से अहंकार और मैं श्रेष्ठ हूं की भावना को दूर करना होगा। एक-दूसरे के पैर खींचने के बजाय एक-दूसरे का हाथ थामना होगा। बिहार सरकार के द्वारा की गयी जाति जनगणना में हम लोगों के साथ छलावा किया गया है। हम सभी भूमिहार ब्राह्मण महापंचायत कर बिहार सरकार के मुखिया नीतीश कुमार को अपनी उपस्थित दिखाकर एकजुटता दिखाने का काम आज कर रहे हैं। बिहार ही नहीं दूसरे प्रदेशों से आकर लाखों लाख की संख्या में हमारे हमारे भाई जो एकजुटता का परिचय दिए हैं। हम सभी भाइयों का सदा ऋणी रहेंगे। उन्होंने कहा कि हम बिहार सरकार को आगाह करना चाहते है कि बिहार सरकार जिस तरह से भूमिहार ब्राह्मण का तिरस्कार कर रही है। आने वाले दिनों में इसका खामियाजा बिहार सरकार को भुगतना पड़ेगा।



## खबरें फटाफट

### शादी के चार महीने बाद विवाहिता फरार एफआईआर दर्ज

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नंदन गांव से शादी के चार महीने बाद ही एक विवाहिता के फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में विवाहिता के देवर ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान में जुट गई है। जानकारी के अनुसार उसकी शादी अभी चार महीना पहले ही हुई थी। वह मूलरूप से रोहतास जिला के सूर्यपुरा गांव की रहने वाली थी। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि मेरे भाई की शादी चार माह पूर्व हुई थी। शादी के बाद दुल्हन घर आयी और दोबारा मायके गयी थी। मायके से विदाई कराकर ससुराल आयी और दस दिन बाद ही अचानक फरार हो गयी। खोजबीन के दौरान पता चला कि शादी की नीयत से दो लड़के बहला-फुसलाकर लेकर चले गये है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान में जुट गयी है।

### आर्म्स एक्ट में दो व्यक्तियों को तीन वर्ष की सजा

**बक्सर।** आर्म्स एक्ट के एक मामले में शनिवार को अनुमंडल दण्डाधिकारी कमलेश कुमार देव की कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने आरोपितों को अवैध रूप से हथियार रखने का दोषी पाया। कोर्ट ने दोनों को तीन वर्ष की सजा और एक-एक हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। अभियोजन पदाधिकारी राकेश कुमार राय ने बताया कि 9 अगस्त 2022 को राजपुर थाना क्षेत्र के सैकुआ गांव से तत्कालीन थानाध्यक्ष युसूफ अंसारी ने हरेराम राम और महेंद्र राम को अवैध हथियार के साथ पकड़ा था। इनके पास से पुलिस ने दो राइफल और 11 गोली बरामद किया था। कोर्ट ने दोनों पर आरोप सिद्ध पाया। कोर्ट ने दोनों को तीन वर्ष की सजा और एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया।

# डिवाइडर से टकराई बाइक, महरौरा और इटाढ़ी के दो लोगों की मौत, एक जख्मी

- एनएच 922 पर नया भोजपुर कांव नदी के पुल के पास रात आठ बजे की है घटना
- डिवाइडर से टकराने के बाद तीनों बाइक सवार सड़क से उछलकर नदी में जा गिरे

**केटी न्यूज/डुमरांव**





रविवार की देर शाम नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र स्थित एनएच 922 पर डिवाइडर से बाइक टकराने से दो की मौत हो गई। घटना देर साहब 8:30 बजे की है। मृतकों में डुमरांव थाना क्षेत्र के महरौरा गांव निवासी धनंजय राम उम्र 19 वर्ष पिता संजय राम व जगतानंद राम उम्र 67 वर्ष इटाढ़ी थाना क्षेत्र के ओड़ी गांव के शामिल है। जबकि इस दुर्घटना में बाइक चला रहे धनंजय के पिता संजय बुरी तरह से जख्मी हो गए हैं। जिन्हें मौके पर मौजूद भाजयुमो के प्रदेश कार्य समिति सदस्य दीपक यादव, धनंजय पांडेय व सुजीत सिंह ने डायल 112 के सहयोग से इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवो को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी में जुट गई।

### बेटी के ससुराल में सुलह समझौता करने गए थे

जानकारी के अनुसार संजय की बेटी की शादी शाहपुर थाना क्षेत्र के नवरंगा गांव में हुई थी। बेटी के साथ ससुराल में झगड़ा हुआ था। जिसमें सुलह समझौता के लिए संजय अपने पुत्र तथा एक रिश्तेदार के साथ गए थे। यह हादसा हो गया। बताया जाता है कि तेज रफ्तार बाइक नदी के पास सड़क पर बनी डिवाइडर से टकरा गए जिससे बाइक सवार तीनों सड़क से उछल नदी में जा गिरे। जिससे धनंजय तथा जगतानंद की मौके पर ही मौत हो गई जबकि हेलमेट पहनने के कारण संजय की जान बच गई। इस घटना के बाद परिजनों में चीख पुकार मच गई है।

### सिर फूटने से नाराज होकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के पिता की डंडे से की पिटाई

# बच्चों के आपसी विवाद ने लिया हिंसक रूप गोलियों से गूंजा पांडेयपट्टी, दो गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बक्सर**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पांडेय पट्टी में बच्चों के आपसी विवाद ने हिंसक रूख अख्तियार कर लिया। शनिवार को हुए मारपीट के बाद रविवार को एक पक्ष के द्वारा दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर किया गया। लाठी-डंडे और हथियार से लैस होकर पहुंचे लोगों ने पहले उसे मारने के लिए दौड़ाया और फिर फायरिंग शुरू कर दी। लेकिन इस हमले में वह व्यक्ति बाल-बाल बच गया। घटना के बाद इलाके में अफरातफरी और दहशत का माहौल कायम हो गया है। वही घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थानाध्यक्ष राहुल कुमार पहुंच पूछताछ कर जांच में जुट गए। पुलिस ने मौके से दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि फायरिंग करने वाले भाग खड़े हुए है।

जानकारी के अनुसार शनिवार को पांडेयपट्टी निवासी शिवलाल गोड़ के पुत्र अभय ने किसी बात को लेकर धन्नू चौधरी के पुत्र अंशु को थप्पड़ मार दिया। जिससे नाराज अंशु ने लाठी से मारकर अभय का सिर फोड़ दिया। इस घटना के बाद शिवलाल गोड़ के द्वारा धन्नू चौधरी उनके पुत्र व अन्य लोगों के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। पुलिस मौके पर पहुंची तब तक धन्नू चौधरी और उनके पुत्र मौके से फरार हो गए थे। घटना के बाद रविवार को विवाद बड़ा रूप तब ले लिया जब शिवलाल गोंड का पुत्र अभय उर्फ गुड्डू अपने साथी बीरबल नोनिया के पुत्र गुड्डू और अपने भाइयों व एक रिश्तेदार के साथ लाठी-डण्डे और हथियार से लैस होकर अंशु चौधरी के घर पहुंचा और अंशु के नहीं मिलने पर उनके पिता धन्नू चौधरी को ही मारने-पीटने लगा। धन्नू चौधरी किसी तरह जान बचाकर भागे और पड़ोस के ही सत्येंद्र कुमार नामक व्यक्ति की दुकान में घुसकर जान बचाई। भागने के ही क्रम में बीरबल नोनिया के पुत्र और शिवलाल गोंड़ के पुत्र अभय ने उन पर गोलियां चलाई लेकिन वह बाल-बाल बच गए। इस घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शनिवार को हुई मारपीट की घटना में शामिल धनु चौधरी और उनके पुत्र अंशु चौधरी को गिरफ्तार कर लिया जबकि गोलियां चलाने के आरोपी अपने सहयोगियों के साथ मौके से फरार हो गये थे। वही स्थानीय लोगों ने बताया कि मौके से इस्तेमाल किए गए कारतूस बरामद किए गए है।



### क्या कहते हैं थानाध्यक्ष

वहीं थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया की शनिवार को बच्चों के बीच मारपीट हुयी थी। जिसमें शिवलाल गोंड द्वारा मारपीट की प्राथमिकी दर्ज कराई गयी थी। जिसके बाद रविवार को शिवलाल गोंड के पुत्र अभय द्वारा अपने साथियों के साथ अंशु चौधरी के घर हमला कर उसके पिता धन्नू चौधरी के साथ मारपीट किया गया। वही फायरिंग करने की बात भी बताई जा रही है। लेकिन अभी इसका पुष्टि नहीं हो पायी है। वही धन्नू चौधरी द्वारा भी उनके साथ हुए मारपीट के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस संबद्ध में उचित कानूनी कार्रवाई की जा रही है। कानून को हाथ में लेने वाले किसी को नहीं बख्शा जाएगा। शनिवार को दर्ज प्राथमिकी में धन्नू चौधरी और उनके पुत्र अंशु को गिरफ्तार किया गया है।

### कांव नदी में किशोर के डूबने की आशंका, घंटों खोजबीन के बाद भी नहीं मिला शव

**नावानगर।** नावानगर थाना क्षेत्र के कांव नदी में एक किशोर के डूबने की आशंका हुई है। जिसकी खोजबीन रविवार की देर शाम तक जारी है। बताया जाता है कि स्थानीय गांव निवासी नियामत अंसारी उर्फ लाली अंसारी का 12 वर्षीय पुत्र शहजाद अंसारी सुबह से घर से लापता हो गया था। जिसका परिजनों द्वारा काफी खोजबीन किया गया। इसी दौरान किसी को किशोर का चप्पल नावानगर के समीप स्थित कांव नदी के किनारे होने की जानकारी परिजनों को दिया। परिजन चप्पल देखकर पहचान कर लिये। साथ ही परिजनों ने डूबने की आशंका व्यक्त करते हुए इसकी सूचना पुलिस को दिये।

सूचना पर संज्ञान लेते हुए थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय व सीओ अजीत कुमार द्वारा स्थानीय गोताखोरों के माध्यम से नदी में काफी खोजबीन कराया गया। घंटों खोजबीन के बाद भी देर शाम तक शव नहीं मिला था। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि कही जाते वक्त चप्पल खुल गया होगा। रात होने के चलते खोजबीन में काफी दिक्कत हो रहा है। सुबह फिर से खोज कराई जाएगी। वही परिजन किसी अनहोनी को लेकर काफी परेशान हैं।

## एक नजर

### अतिक्रमण अभियान में नाली के स्लैब व सीढ़ियां धराशायी, खुले नालियों से मच्छरों का बढा प्रकोप



**डुमरांव।** खुले नालियों को ढकने के लिए नगर परिषद प्रशासन लाखों रुपये खर्च कर स्लैब बनवाती है। लेकिन वहीं नालियों को ढ़ंकने के लिए आम जनता पत्थर और स्लैब रखती है तो नप प्रशासन उसे अवैध कब्जा मानती है। नगर परिषद और अनुमंडल प्रशासन ने शहर में अतिक्रमण हटाओ मुहिम चलाया, जिसमें दुकानों और घरों के समक्ष नालियों पर डाले गये स्लैब और सीढ़ियां भी धराशायी हो गयी। सड़क के दोनों किनारे खुले नालियों से उठते बदबू और मच्छरों के प्रकोप बढ़ने से लोगों के बीच डेंगू और मच्छरजनित रोगों का भय सताने लगा है। अभियान के 24 घंटें बाद भी नगर परिषद प्रशासन द्वारा फॉगिंग नहीं करायी गयी। खुले नालियों से वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और बच्चों को घर और दुकानों में आने-जाने के लिए काफी दिक्कतें आ रही है। बताया जाता है कि गोला रोड और चौक रोड के सड़को पर अधिकांशतः लोगों की दुकानें तथा मकान है। कई दुकानें और इमारतें सड़क से ऊंचाई होने से सीढियां बनायी गयी थी, जो प्रशासन ने अभियान के तहत तोड़ दिया। नाली से ऊपर से जाने के लिए नगर परिषद द्वारा कोई व्यवस्था नही की गयी, जिससे लोगों को घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। कई पार्षदों और समाजसेवियों ने नगर परिषद प्रशासन से खुले नालियों को स्लैब से ढंकने की जोरदार मांग उठायी है। जानकारों का मानना है कि स्लैब और पत्थरों के ऊपर स्थायी निर्माण तथा कारोबार करना अवैध है लेकिन सुरक्षा व रोगों से बचाव को लेकर नालियों को ढंकना अतिक्रमण के दायरे में नहीं आता है। नालियों का स्लैब हटाए जाने से आस पास के घरों में रहने वाले लोगों, दुकानदारों तथा बाजार में सामानों की खरीददारी करने आने वाले बाहरी व्यवसायियों तथा दुकानदारों को सड़ांध का सामना भी करना पड़ रहा है। नालियों से स्लैब हटाए जाने के बाद दुर्गंध बढ़ गई है। जिस कारण लोगों की परेशानियां भी बढ़ने लगी है। लोगों ने तत्काल खुली नालियों पर स्लैब लगाने की मांग की है।

### संविदा पर कार्य कर रहे डाटा इंट्री व कम्प्यूटर ऑपरेटरों ने धरना दे समायोजन की मांग की



**बक्सर।** रविवार को संविदा पर तैनात डाटा इंट्री व कंप्यूटर ऑपरेटरों ने एक दिवसीय धरना दिया। यह धरना बाजार समिति रोड स्थित होमगार्ड में मैदान में आयोजित किया गया था। वहीं 6 से 11 नवंबर तक डाटा इंट्री व कम्प्यूटर ऑपरेटर काला बिल्ला लगाकर विरोध जताएंगे। बता दें कि संविदा पर कार्यरत डाटा इन्ट्री व कम्प्यूटर आपरेटरों ने बिहार राज्य डाटा इंट्री व कम्प्यूटर आपरेटर संघ के आह्वान पर जिला इकाई के बैनर तले विभागीय सेवा समायोजन को लेकर यह धरना दिया है। धरना पर बैठे ऑपरेटरों ने बताया कि अगर अगले 25 दिनों में सरकार कोई ठोस पहल नहीं करती है तो संघ द्वारा 28 एवं 29 नवंबर को सांकेतिक हड़ताल किया जाएगा। उक्त धरना प्रदर्शन में संघ के अध्यक्ष मो. ईमरान खान, सचिव परन्तप कुमार, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी, संयोजक प्रितम कुमार, मिडिया प्रभारी अशोक कुमार केशरी, संघ के वरीय सदस्य संजीव कुमार, अरुण कुमार पाण्डेय, अमित कुमार, सौरभ सिंह, प्रोग्रामर युगुल किशोर, धनेष कुमार, राजेन्द्र कुमार, रामधारी प्रसाद, पवन कुमार सिंह, अविनाश कुमार श्रीवास्तव, सत्यव्रत सोनु, सोनु पुजारी, नित्यानन्द उपाध्याय, रविश कुमार, पुष्कर कुमार, विक्की राज कुमारी पुष्पा गुप्ता, प्रियंका कुमारी, संध्या कुमारी, नीतु कुमारी, ज्योति कुमारी, श्रीकृष्णा प्रसाद एवं विशाल कुमार आई.टी व्यॉय तथा सभी विभाग के डाटा इन्ट्री ऑपरेटर, प्रोग्रामर, आईटी ब्वॉय एवं गर्ल द्वारा बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हुए एकता का परिचय दिया गया।

## गोपलडेरा में आग लगने से पांच मवेशी समेत पशुपालक झुलसा

**केटी न्यूज/डुमरांव**



शनिवार की देर रात अनुमंडल अंतर्गत नया भोजपुर ओपी के गोपालडेरा गांव में हुई अगलगी की घटना में जहां पांच मवेशी जल गए वहीं मवेशियों को बचाने के दौरान मजदूर भी झुलस गया। घटना में लगभग 40-50 रुपये की संपत्ति जलने की अनुमान है। घटना की सूचना मिलते ही अंचल कर्मी ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद अग्निपीड़ित को उचित मुआवजा दिलाने के लिए आगे की कार्रवाई में जुट गए हैं।


जानकारी के अनुसार रविवार की रात उपरोक्त गांव निवासी और पेशे से मजदूर हरि चौधरी मच्छरों से बचाव के लिए झोपड़ी में धुंआ किए थे। इसी दौरान मवेशियों का पैर फिसलकर आग पर पड़ा, जिससे निकली चिंगारी ने देखते ही देखते झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। हल्ला हंगामा सुनकर जब तक आसपास के लोग बचाने के लिए दौड़े तब तक चार बकरियां मर गई और एक भैंस झुलस गई। मवेशियों को आग बचाने के दौरान उपरोक्त मजदूर भी झुलस गया। मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2011 में सरकार द्वारा अभियान रैन बसेरा के तहत उन्हें भूखंड आवंटित की गई थी, जिस पर झोपड़ी लगाकर बाल बच्चों के साथ गुजारा करता था। अगलगी के बाद परिवार के समक्ष जहां रहने की समस्या उत्पन्न हुई है, वहीं भुखमरी की नौबत भी आ गई है।

## डुमरांव के मंडी में पटाखे का भंडारण, प्रशासन ने साधी चुप्पी

- बगैर लाइसेंस के धड़ल्ले से हो रहा कारोबार, पटाखा के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए पुलिस मुख्यालय ने दिया है निर्देश

**केटी न्यूज/डुमरांव**

दीपावली पर्व में अब शेष दिन रह गये है। त्योहार को यादगार बनाने के लिए मनचाहे सामानों की खरीद-बिक्री मंडियों में शुरू हो गयी है। डुमरांव सहित आसपास के इलाकों में दीपावली पर्व में पटाखों की धूम रहती है। शहर के कई मंडियों में बगैर लाइसेंस के ही पटाखे की दुकानें सजने लगी है। जबकि स्थानीय प्रशासन मौन साधे हुए है। वह भी तब जब कि कुछ दिन पहले ही पुलिस मुख्यालय से अवैध विस्फोटक सामग्री के निर्माण व बिक्री पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया है। पटाखे के कई कारोबारी रोक के बावजूद भी पटाखे का भंडारण किये है। बताया जाता है कि स्थानीय मंडी में बड़े पैमाने पर पटाखे का कारोबार होता है। कई व्यवसायी रिहायशी इलाके में ही पटाखे का भंडारण शुरू कर दिए है, जिससे कभी भी हादसा होने का आशंका बना रहता है। बेरोक-टोक पटाखों की बिक्री के बाद भी स्थानीय प्रशासन चुप्पी साधे है। दीपावली पर्व पर डुमरांव के मंडियों में पटाखों की खपत अधिक होती है। इस मंडी से आसपास के ग्रामीण इलाकों के दुकानदार पटाखों की खरीद कर अपने यहां बिक्री करते है। एक अनुमान के अनुसार करीब 50 लाख रुपये का पटाखा कारोबार किया जाता है। शहर में दर्जनो पटाखा कारोबारी ऐसे है जो तीन माह पूर्व ही दिल्ली, कानपुर, बनारस और पटना, रांची से पटाखों की खरीद कर भंडारण करते है।



**शुभ दीपावली में अशुभ पटाखा:** दीपावली में हर साल लाखों रुपये के पटाखे छोड़े जाते हैं। इसे लोग परंपरा से जोड़कर देखते है लेकिन पटाखों से निकलने वाले धुएं से प्रदूषण बढ़ता है और जो मानव शरीर के लिए खतरा बन जाता है। जानकर बताते है कि पटाखों के अंदर तांबा, गंधक, कैल्शियम, बेरियम, एलुमिनियम और बारुद का मिश्रण रहता है जो जलने के बाद उसका अंश कोहरे के साथ मिलकर कई दिनों तक हवा में बना रहता है, जो प्रदूषण के साथ-साथ मानव जीवन के लिए भी खतरा बनता है।

**व्यवसायियों की गाइडलाइन:** विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 2008 के अनुसार मानक का पालन करना सख्त जरूरी है। गाइडलाइन के अनुसार संकीर्ण बाजार, गली व भीड़-भाड़ वाले इलाके में पटाखे की बिक्री पर रोक, आवासीय क्षेत्र व घरों में भंडारण नही, बालू, पानी और अग्निशामक यंत्र जरूरी, शिक्षण संस्थान व अस्पताल के पास बिक्री निषेध, बिजली के तार, खंभे व ट्रांसफार्मर के नजदीक बिक्री पर पाबंदी है।

**पटाखें पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश:** दीपावली के दिन रात में 8 से 10 बजे तक ही पटाखें जलाने की झूट, तेज आवाज वाले पटाखे की बिक्री पर बैन, खुले मैदान में पटाखे जलाने की अनुमति, इस त्योहार पर कम प्रदूषण वाले पटाखों का हो इस्तेमाल, पटाखों की ऑनलाइन बिक्री पर प्रतिबंध आदि शामिल है।

### केसठ प्रखंड के रामपुर पंचायत के वार्ड 7 में नियमवाली के विरुद्ध चयन का मामला

# उप मुखिया ने असंवैधानिक तरीके से वार्ड सचिव को हटाया

**केटी न्यूज/केसठ**

केसठ प्रखंड के रामपुर पंचायत के वार्ड 7 में पंचायती राज नियमवाली के विरुद्ध वार्ड सचिव चयनित करने का मामला प्रकाश में आया है। वार्ड 7 के सदस्य सह उपमुखिया द्वारा प्रबंधन एवं कार्यान्वयन समिति के पूर्व चयनित वार्ड सचिव को मनमाने ढंग से हटा नये सचिव का चयन किया गया है। इसके विरोध में सैकड़ों ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त आवेदन बीपीआरओ को देकर कार्रवाई की मांग की गई है। हटाए गए वार्ड सचिव रंजन दुबे ने अपने आवेदन में लिखा है कि 12 जनवरी 2022 को जिला पंचायती राज पदाधिकारी के संसूचित ज्ञापांक 16-3110 के आलोक में ग्राम सभा आयोजित कर मुझे वार्ड सचिव के पद पर चयनित किया गया था। लेकिन वार्ड सदस्य सह उप मुखिया द्वारा मनमाने ढंग से असंवैधानिक रूप से मुझे बिना सूचना दिए हटाया दिया। उन्होंने बीपीआरओ सुनील कुमार रजक से मामले की जांच कर कारवाई का अनुरोध किया है।

**क्या है मामला:** रामपुर पंचायत के वार्ड सं 7 के वार्ड सदस्य सह उप मुखिया मनोज कुमार राम द्वारा वार्ड विकास प्रबंधन के सदस्यों द्वारा वार्ड सचिव के रुप मे रंजन दुबे का चयन किया गया था। फिर अचानक नियमों का ताक पर रख चयनित वार्ड सचिव को असंवैधानिक तरीके से चयनमुक्त कर नए वार्ड सचिव का चयन कर लिया गया है। इसी के विरोध में पीड़ित रंजन दुबे ने बीपीआरओ को लिखित आवेदन देकर मामले में हस्तक्षेप करते हुए जांच की मांग की है।

**क्या कहते हैं मुखिया:** रामपुर मुखिया प्रतिनिधि बसंत पांडेय ने बताया कि पंचायत के उप मुखिया द्वारा उठाया गया यह कदम असंवैधानिक है। चयनित वार्ड सचिव को बिना प्रबंधन समिति के अनुमोदन के बिना चयनमुक्त किया जाना अधिकार सीमा का उल्लंघन है। जब तक सचिव के ऊपर अनियमितता का आरोप साबित नहीं होता तब तक उसको चयनमुक्त नहीं किया जा सकता।

**क्या है चयन करने का नियम:** मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के कार्य को वार्ड प्रबंधन समिति के माध्यम से कराने के लिए सभी वार्डो मे आम सहमति से सात सदस्यों की समिति का गठन किया जाता है। वार्ड सदस्य के पदेन अध्यक्ष पद पर चयनित सदस्यों मे से बहुमत के आधार पर वार्ड सचिव का चयन किया जाता है। लेकिन प्रारंभ समय से ही राजनैतिक एवं आर्थिक कारणों से ऐसे तकरार के अनेक मामले आते रहे हैं। लेकिन कार्यशैली मे बदलाव नहीं देखा गया। ऐसी लड़ाई से विकास में बाधा आना स्वाभाविक है।

**क्या कहते हैं बीडीओ:** इस संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने बताया कि रामपुर वार्ड 7 से वार्ड सदस्य द्वारा असंवैधानिक तरीके से वार्ड सचिव चयनित करने का आवेदन मिला है। जिसे बीपीआरओ को जांच करने का निर्देश दिया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### गंगा घाटों की सफाई के साथ शुरू हुआ गंगा उत्सव कार्यक्रम

**बक्सर।** रविवार को गंगा घाटों की सफाई तथा बच्चों के बीच नमामि गंगे का कॉमिक्स बांट गंगा उत्सव कार्यक्रम की शुरूआत की गई। यह आयोजन छात्र शक्ति, गंगा विचार मंच एवं गोला घाट श्रीगंगा सेवा समिति के सयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहा है। इसके तहत स्थानीय रामरेखा घाट पर गंगापुत्र से जाना जाने वाले सौरभ तिवारी के नेतृत्व में साफ-सफाई को लेकर श्रमदान किया गया। वहीं इस दौरान आमजनों को गंगा के स्वछता के प्रति शपथ दिलायी गई। इसके साथ ही स्थानीय गोला घाट पर समाजसेवी व रंगकर्मी सतीश श्रीवास्तव मनमीत के नेतृत्व में स्कूली छात्रों के बीच चाचा चौधरी के साथ गंगा की बात नामक कॉमिक्स वितरण किया गया।

### पंचकोशी परिक्रमा की तैयारी के लिए समिति ने की बैठक, 2 से शुरू होगी परिक्रमा



**बक्सर।** ऐतिहासिक व धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण पंचकोशी परिक्रमा 2 दिसंबर से शुरू हो रही है। इसको ले पंचकोशी परिक्रमा समिति की एक बैठक रविवार को संपन्न हुई। जिसमें तैयारिनियों पर चर्चा किया गया। पंचकोशी परिक्रमा समिति के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले पंचकोशी परिक्रमा सह मेला को लेकर न सिर्फ बक्सर बल्कि आस पास के जिलों के लोगों में भी उत्साह रहता है। बैठक स्टेशन रोड स्थित बसांव मठ में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष एवं बसांव मठ के पीठाधीश्वर अच्युत प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने किया और संचालन समिति के सचिव डा रामनाथ ओझा ने किया। बैठक में आयोजन की तैयारी व व्यवस्था संबंधित विस्तृत चर्चा की गई। इस कार्यक्रम को भव्य रूप देने का निर्णय लिया गया।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार में मुफ्त कानूनी बचाव पक्ष सहायता प्रणाली शुरू

❒ इससे मिलेगी सशक्त व प्रतिस्पर्धात्मक विधिक सहायता

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

अत्यंत ही गरीब वंचित, अनुसूचित जाति - जनजाति, महिला इत्यादि है जो विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के धारा 12 के अधीन आते हैं, उन्हें उनके वादों में सशक्त एवं बेहतरीन बचाव हेतु राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार एक नई



प्रणाली के अंतर्गत सभी नियुक्तियों के उपरांत कार्य आरम्भ हो गया है। उच्च न्यायालय के न्यायमुर्ति सह व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के निरीक्षी न्यायाधीश राजीव राय के द्वारा मुख्य विधिक सहायता बचाव अधिवक्ता पद पर युगेश किशोर पाण्डेय, उपमुख्य विधिक सहायता बचाव अधिवक्ता पद पर अभिनंदन कुमार एवं मुकेश कुमार सहायक विधिक सहायता बचाव अधिवक्ता पद पर चन्दन कुमार एवं रंधीर कुमार के अनुबंध को स्वीकार करते हुए इस पद के नये कार्य प्रारम्भ तथा नये दायित्व पर बधाई देते हुए कहा गया कि अब आपके पास एक नई जिम्मेदारी है जिससे औरंगाबाद वासियों को काफी लाभ होने की संभावना है।

इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष संपूणानंद तिवारी, प्रधान न्यायाधीस परिवार न्यायालय पुनीत कुमार गर्ग, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रणव शंकर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मितु सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आनंद भूषण, अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी योगेश मिश्रा, न्यायकर्ता, शोभा सहित सभी न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित रहे जिला एवं सत्र न्यायाधीष संपूणानंद तिवारी द्वारा बताया गया कि मुख्य विधिक सहायता बचाव अधिवक्ता उप विधिक सहायता बचाव अधिवक्ता एवं सहायक विधिक सहायता बचाव अधिवक्ता द्वारा बचाव पक्ष की ओर से अब सशक्त तरीके से उनकी बात को न्यायालय के समक्ष रखेंगें और उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक बचाव की मुफ्त कानूनी सहायता इस प्रणाली के अंतर्गत प्रदान होगी, जो विधिक सेवा प्राधिकार के अंतर्गत उपलब्ध वादों में न्यायालय के समक्ष अपना सशक्त रूप से पक्ष रखेंगें, साथ ही संबधित के वाद में हर स्तर पर कार्यवाही एवं निगरानी रखेंगे।

## एक नजर

### मखदूमपुर में ई-रिक्शा शो रूम का उद्घाटन



**मखदूमपुर।** रविवार को मखदूमपुर के पाई बीघा मोड़ स्थित ई-रिक्शा व इलेक्ट्रिक स्कूटर के शो रूम का उद्घाटन किया गया। भगवान जी के नाम से इस शो रूम का उद्घाटन मखदूमपुर नगर पंचायत के वार्ड पार्षद संघ के अध्यक्ष रितेश कुमार उर्फ चुन्नू शर्मा ने फीता काटकर किया। इस मौके पर शो रूम के संचालक राहुल कुमार ने कहा कि महंगाई के दौर में एक सस्ता विकल्प के रूप ये ई रिक्शा आ चुका है। जिससे बचत भी और बेरोजगारी भी दूर होगी। पेट्रोल डीजल से लोगो को छुटकारा भी मिलेगा। इलेक्ट्रिक वाहन आने वाले दौर के लिए सस्ता और अच्छा साधन है। राहुल ने जानकारी देते हुए बताया कि हमने फाइनेंस की भी सुविधा रखी हैं। मौके पर दिलीप कुमार, डॉक्टर अनिल कुमार, प्रदीप कुमार, सैफ फतह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### एक्शन में औरंगाबाद एसपी, 73 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम के निर्देश पर कार्रवाई के फलस्वरूप 73 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें खनन के कांड में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा हत्या के प्रयास कांड में दो, पुलिस पर हमला मामले में एक, विविध कांड में दो, शराब कांड में 13 एवं अजमानतिय वारंट मामले में 53 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 29.39 लीटर देसी-विदेशी शराब, एक कार, दो ट्रैक्टर एवं 200 सीएफटी बालू बरामद किया गया है। वाहन जांच एवं शमन मामले में 8000 रूपया जुमार्ना वसूला गया है। इसके बाद पकड़े गए, इन सभी व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।




## शौच करने निकले मैट्रिक के छात्र की नहर में डूबने से मौत

आरा। भोजपुर के पवना थाना क्षेत्र के पवना गांव में शनिवार की शौच करने निकले मैट्रिक के एक छात्र की नहर में डूबने से मौत हो गई। घटना को लेकर गांव में देर तक अफरातफरी मची रही। मृत छात्र पवना गांव निवासी राम नारायण चौधरी का 21 वर्षीय पुत्र गौतम कुमार था। पिता राम नारायण चौधरी ने बताया कि शनिवार की शाम वह करीब साढ़े छह बजे घर से शौच करने गांव के पूरब साइड स्थित नहर की ओर से गया था। उसी दौरान पैर फिसलने से वह नहर में गिर गया और डूब गया। उससे उसकी मौत हो गई। काफी देर बाद वह घर नहीं लौटा, तो उसकी खोजबीन करना शुरू की गयी।उस दौरान नहर किनारे उसका चप्पल मिला। उस आधार पर गांव के लोगों की मदद से नहर में तलाश शुरू की गयी। काफी मशक्कत के बाद उसका शव बरामद किया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि छात्र तीन भाई और दो बहनों में छोटा था। उसके परिवार में मां मीना देवी, बहन दुर्गावती देवी, अनीता देवी, भाई संतोष कुमार और मंटू कुमार है। हादसे के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।


## बड़हरा के सिन्हा ओपी क्षेत्र के पोरहा गांव की घटना

# खुदकुशी: पंखे की कुंडी से लटका मिला स्नातक की छात्रा का शव

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के सिन्हा ओपी क्षेत्र के पोरहां गांव में शनिवार की रात एक छात्रा का शव पंखे की कुंडी से लटका बरामद किया गया है। मृत छात्रा लक्ष्मी साव की 18 वषीर्या पुत्री अंतिमा कुमारी थी। वह स्नातक पार्ट 2 की छात्रा थी। शव मिलने से गांव में सनसनी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। छात्रा की बड़ी बहन रूबी कुमारी ने बताया कि शनिवार की शाम सभी लोग दीपावली त्यौहार को लेकर घर की दंगाई-पुताई के लिए पेंट लाने सरैया बाजार गए थे। अंतिमा घर पर अकेली थी। वे लोग बाजार से घर लौटे और कमरे का दरवाजा खटखटाया, तो उसने दरवाजा नहीं खोला।

उसके बाद उसने अपनी मां से कहा की खिड़की से झांक कर देखो शायद वह सो रही होगी। उसकी मां



■ दिवाली की खरीदारी करने बाजार गए थे पूरा परिवार के लोग

ने खिड़की से झांका, तो देखा कि वह गले में दुपट्टा बांधकर पंखे के कुंडी से लटकी है। उसके बाद परिजनों ने दरवाजा तोड़ा और उसके शव को नीचे उतारा। उसके बाद थाने को सूचना दी गयी।

रूबी कुमारी ने घर के किसी भी सदस्य से किसी विवाद की बातों से इनकार किया है। उसने पड़ोस के लोगों से बराबर झगड़ा होने के कारण उसने किसी के द्वारा उसका गले में दुपट्टा बांधकर पंखे की कुंडी से लटकाने की आशंका जताई है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जा रहा है कि छात्र अपने तीन बहन और एक भाई में तीसरे स्थान पर थी। उसके परिवार में मां आशा देवी, बहन पूजा, रूबी और भाई रोहित है। हादसे के बाद छात्रा के घर में कोहराम मच गया है। वहीं इस हादसे के बाद छात्रा की मां आशा देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### किसान की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**आरा।** भोजपुर में बेटी के ससुराल जाने के लिए पांच रोज पहले घर से बुजुर्ग किसान की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी है। उनका शव रविवार की सुबह दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा स्टेशन व जगजीवन हाल्ट के बीच बरामद किया गया। मृत किसान पवना थाना क्षेत्र के पवना गांव निवासी 80 वर्षीय मुनारिका साह थे। बेटे संजय साह ने बताया कि एक नंबर की सुबह वह बेटी के घर चरपोखरी थाना क्षेत्र के मनैनी गांव जाने के लिए निकले थे।लेकिन गाड़ी नहीं मिलने के कारण वह आरा स्टेशन से पैसेंजर ट्रेन बड़ी बेटी के घर बक्सर के केसठ गांव जा रहे थे। बाद में उन्होंने अपनी बहन संगीता देवी के घर फोन कर पूछा कि पिता के पहुंचने के बारे पूछा। तब पता चला कि वह वहां नहीं पहुंचे। उसके बाद उनकी खोजबीन शुरू की गयी। काफी प्रयास के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चला। इसी बीच रविवार की सुबह रेल पुलिस को सूचना मिली के आरा स्टेशन और जगजीवन हाल्ट के बीच एक शव पड़ी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव आर जीआरपी लाया गया।

## खेत में बकरी चराने को लेकर दबंगों ने की मारपीट



**जहानाबाद** के शकुराबाद थाना अंतर्गत चगोरी,दरोगा बीघा गांव में एक महिला को घर में घुंसाकर दबंगों ने खेत में बकरी द्वारा फसल खिलाने का आरोप लगाकर जमकर मार पीट किया जिससे महिला सुरजमनी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई घटना के बाद दबंगो ने महिला को सदर अस्पताल आने के क्रम में भी अवरोध उत्पन्न किया ताकि लोगों को इस घटना की जानकारी न लगे महिला के परिजनों ने बताया की हम सभी कमजोर वर्ग के लोग हैं जिसके कारण हमेशा हम सभी के द्वारा गांव में दबंगों द्वारा मारपीट किया जाता है, लगभग एक वर्ष पूर्व हमारे एक परिवार को साजिश के तहत हत्या भी कर दिया गया था पर हम सभी कमजोर वर्ग से होने के कारण उनका कुछ भी नही बिगाड़ पाए और लगातार दबंगों के द्वारा छोटी छोटी बातों को लेकर भी लगातार प्रताड़ित किया जाता है। महिला के मासूम बच्चे सूरज कुमार को भी दबंगों ने उठाकर जमीन पर पटक दिया जिसमे उसे भी गंभीर चोटें आईं हैं ।

## बनिया गांव में संदेहास्पद स्थिति में बढ़ई मिस्त्री की हुई मौत



**केटी न्यूज/ औरंगाबाद**

संदेहास्पद स्थिति में एक 60 वर्षीय बढ़ई मिस्त्री के मौत का मामला प्रकाश में आया है। मामला मदनपुर थाना क्षेत्र के बनिया गांव की हैं। मृतक की पहचान नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र के बसडिहा गांव निवासी राजकुमार शर्मा के पुत्र श्याम बिहारी शर्मा के रूप में हुई है। रविवार की सुबह सदर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि श्याम बिहारी शर्मा पिछले दो महीने से मदनपुर थाना क्षेत्र के बनिया गांव में विपिन सिंह के घर पर फर्नीचर का काम कर रहे थे। शनिवार की शाम करीब 8:00 बजे फोन से परिजनों को बातचीत हुई थी। उस वक्त सब कुछ ठीक था, लेकिन रविवार की सुबह विपिन सिंह के द्वारा फर्नीचर मिस्त्री के परिजनों को यह सूचना मिली की , उनकी तबीयत खराब हो गई है जिस पर परिजनों ने मदनपुर अस्पताल में भर्ती करने का सुझाव दिया। इसके बाद विपिन सिंह द्वारा फर्नीचर मिस्त्री को मदनपुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज न होने पर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर ले जाया गया। चिकित्सकों ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद विपिन सिंह के द्वारा मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी गई। हालांकि फर्नीचर मिस्त्री के परिजनों ने मौत पर हत्या की आशंका व्यक्त किया है। परिजनों का आरोप है कि मौत के बाद फर्नीचर मिस्त्री को सदर अस्पताल लाने को कहा गया , लेकिन अस्पताल लाने की बजाय शव को घर लाया गया।

## शौच करने गए बच्चे की डूबने से हुई मौत

**मखदुमपुर।** रविवार को प्रखंड के बोकनारि कला गांव स्थित दरधा नदी में शौच करने के बच्चे की पानी में डूबने से मौत हो गया ,मृतक बोकानरी कला गांव निवासी रोहन कुमार का 11 वर्षीय पुत्र आशित कुमार बताया जाता है जानकारी के अनुसार बोकनारी कला गांव स्थित दरधा नदी में रविवार की दोपहर गांव निवासी रोहन कुमार का पुत्र असित कुमार शौच के लिए गया था जो काफी देर तक घर नहीं लौटा ,जब परिजनों ने जब खोज बिन शुरू किया तो उसका शव डैम के समीप पानी में मिला , हालाकि ग्रामीणों ने उसे आनन फानन में लेकर मखदुमपुर रेफरल अस्पताल पहुंचे , जहां चिकित्सकों उसे मृत घोषित कर दिया ,घटना की सूचना के बाद मखदुमपुर थाने की पुलिस रेफरल अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है ।

थानाध्यक्ष रवि भूषण ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल जहानाबाद भेजा है वहीं घटना के बाद बोकानारी कला गांव का माहौल गमगीन हो गया ,मृतक बच्चे के परिजन दहाड़ मारकर बिलख रहे थे।

## चोरी का विरोध करने पर चोरों ने गृह स्वामी पर किया हमला, जख्मी



**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

चोरी का विरोध करने पर चोरों ने गृह स्वामी पर चाकू से हमला बोल दिया जिसमें चार गृह स्वामी जख्मी हों गए। मामला मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के खखड़ा टोले तेलियाडीह गांव की हैं। जहां शनिवार की देर रात घटना में चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मियों में जटायु पासवान के पुत्र 30 वर्षीय पुत्र अखिलेश पासवान, 24 वर्षीय पुत्र गोविंद पासवान, 46 वर्षीय पुकार पासवान एवं पुकार पासवान के 18 वर्षीय पुत्र प्रभु पासवान शामिल है।

रविवार को सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी अखिलेश पासवान ने बताया कि गांव का ही विजेंद्र पासवान अपने अन्य साथियों के साथ चोरी की नियत से घर में घुसा और चोरी की वारदात को अंजाम देकर भागने लगा, तभी नींद खुलने पर शोर मचाया तथा पकड़ने की कोशिश किया तो आरोपियों ने हम सभी पर चाकू से जान लेवा हमला कर फरार हो गए। इस दौरान आरोपियों ने घर से महिलाओं की कीमती जेवर सहित 25 हजार रुपए नगद चोरी कर फरार हो गए।

इसके बाद उन्हें परिजनों द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में पुकार पासवान को बेहतर इलाज के लिए किसी बड़े अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं अखिलेश पासवान, गोविंद पासवान एवं प्रभु पासवान सदर अस्पताल में ही इलाजरत है।




## छत्रपति शाहू जी महाराज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

# शिवाजी व सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने का आह्वान

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जहानाबाद के अब्दुल बारी नगर भवन में छत्रपति शाहू जी महाराज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पटेल सेवा संघ द्वारा 2018 से आयोजित किये जा रहे इस कार्यक्रम में कुर्मी जाति के उन सभी छात्र छात्राओं को प्रसस्ति पत्र और मेडल देकर सममानित किया जाता है जिन्होंने मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में उतीर्णता प्राप्त की हो। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता , संघ के अध्यक्ष एवं आयोजक प्रभात कुमार , तथा संचालन अरुण कुमार ने की। कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता साहित्यकार



प्रेम कुमार मणि ने अपने संबोधन में शिक्षा की ताकत पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने शाहू जी, शिवाजी और सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का सभी से आह्वान किया। प्रभात कुमार ने अपने अध्यक्षीय भाषण में इस कार्यक्रम के उद्देश्यों, उपलब्धि और आगे की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कार्य क्रम 2018 से लगातार कराया जा रहा है । और प्रति लोगों का उत्साह बढ़ता दिख रहा है। हर साल 250 - 300 बच्चों की समानित किया जा रहा है। पूरे जिले में अब लोगों को इस कार्यक्रम का इंतजार रहता है। इस वर्ष भी 250 से ज्यादा बच्चों को सम्मानित किया गया है। इसके अलावा संघ द्वारा जिले के सभी कुर्मी परिवारों में कैलेंडर वितरित किया जाता है। कार्यक्रम में जितेंद्र पटेल, जयप्रकाश नारायण चंद्रवंशी , विपिन पटेल, भीमसेन प्रसाद , रविन्द्र सिंह उपस्थित थे

### जिले में अभी इस तरह के चार समूह हैं सक्रिय

पिछले साल से सामूहिक अध्ययन कर परीक्षाओं की तैयारी करने वाले समूह को आवश्यक सभी अध्ययन सामग्री का भी वितरण किया जाता है। अभी इस तरह के चार समूह जिले में सक्रिय हैं। इस वर्ष से इसमें एक नया आयाम जोड़ते हुए , गरीब असहाय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किए जाने वाले प्रयास के अंतर्गत एक महिला को सिलाई मशीन का वितरण किया गया। अब आगे की योजना संघ को आर्थिक रूप से समृद्ध कर जनहित कार्यों को और व्यापक बनाने की है। साथ ही इन जनहित के कार्यों को कुर्मी जाति से इतर व्यापकता प्रदान करने की है।



# पूरे प्रदेश के लिए मिसाल बनेगी गोण्डा की हर घर नेकी की दीवार, शुरू हुआ अभियान

■ हर घर खुशियां पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई अनूठी पहल

**केटी न्यूज/गोण्डा**

गरीबों और वंचितों के जीवन स्तर को सुधारने और संवारने में जुटी योगी सरकार ने दीपावली के पावन पर्व पर उनके जीवन में रोशनी लाने के लिए रविवार को जनपद गोण्डा से एक विशेष अभियान की शुरूआत की है। गोण्डा जिला प्रशासन की पहल पर यहां 'हर घर नेकी की दीवार' विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत लोगों को घरों में पड़े पुराने कपड़ों, खिलौनों, जूतों जैसी निष्प्रयोज्य वस्तुओं को इधर-उधर नहीं फेंकने और इसे जरूरतमंदों तक पहुंचाने में जिला प्रशासन की मदद करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन वस्तुओं का दान कर जनपदवासी त्योहारों पर किसी गरीब के जीवन में खुशियां ला सकते हैं। इस अभियान को इस तरह से तैयार किया गया है कि इसमें जनपदवासियों के योगदान के साथ-साथ गरीबों तक वस्तुओं को पहुंचाने में अधिकारियों और कर्मचारियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होने वाली है। इस अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और जनपदवासियों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किए जाने की भी योजना है। गरीबों और वंचितों की मदद के लिए गोण्डा से शुरू हुआ यह अनूठा अभियान पूरे प्रदेश के लिए एक मिसाल बन सकता है।




## अनुपयोगी वस्तुओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाने की दिशा में उठाया गया कदम

गोण्डा की जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने दीपावली के अवसर पर जनपद के हर घर में खुशियां पहुंचाने के लिए यह अनूठी पहल की है। हर घर नेकी की दीवार नाम से इस विशेष अभियान की शुरूआत की गई है। इसके अन्तर्गत लोगों के घरों की निष्प्रयोज्य या अनुपयोगी वस्तुओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाने की दिशा में कदम उठाए गए हैं। नगर पालिका परिषद करनैलगंज से रविवार को इसकी शुरूआत की गई। नेहा शर्मा ने बताया कि दीपावली पर हम सभी अपने अपने घरों की सफाई करते हैं। इस दौरान तमाम ऐसे सामान भी निकलते हैं जिनका अब इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। इसमें, पुराने कपड़े, पुराने कंबल, जूते, बच्चों के खिलौने, पुराने बर्तन जैसे कई अन्य निष्प्रयोज्य वस्तुएं हो सकती हैं।

## नगर पालिका से लेकर ग्राम पंचायत तक बनाई गई 'नेकी की दीवार'

हर घर नेकी की दीवार अभियान के अन्तर्गत जनपद की सभी नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत से लेकर ग्राम पंचायत तक में विशेष केन्द्र स्थापित किए जा रहे हैं। इन्हें नेकी की दीवार नाम दिया गया। इन केन्द्रों पर आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोग अपने घरों की निष्प्रयोज्य वस्तुएं दे सकेंगे। उनके द्वारा दी गई वस्तुओं का रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। इन केन्द्रों से कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति अपनी आवश्यकता के अनुसार वस्तुओं को ले सकेगा। डीएम नेहा शर्मा ने बताया कि दीपावली तक इस विशेष अभियान को चलाया जाएगा। इस दौरान जनपदवासियों को सहूलियत प्रदान करने के लिए एक कंट्रोल रूम बनाने के साथ ही हेल्पलाइन नम्बर (05262-230125) भी जारी किया गया है।

## लोगों का मिल रहा भरपूर समर्थन

नेहा शर्मा ने कहा कि आपके द्वारा दी जा रही वस्तुओं को किसी अन्य जरूरतमंद को उपलब्ध कराया जाएगा। इसलिए, ध्यान रखें कि वस्तु इस्तेमाल करने योग्य हो। उन्होंने अपील की है कि फटे-पुराने कपड़े या कोई खराब सामान न दें। बेहतर होगा कि सामान को साफ और इस्तेमाल करने योग्य स्थिति में दिया जाए। जैसे पुराने कपड़ों को धुलकर साफ कर लें। कोई कपड़ा फटा है तो उसकी सिलाई करवा दें। जूते को साफ कर लें। डीएम की इस पहल को गोण्डा में लोगों का सपोर्ट भी मिल रहा है।

## खबरें फटाफट

### पूर्व सभासद के घर लाखों की चोरी

**बलिया।** राजेंद्र नगर निवासी पूर्व सभासद विनोद शंकर तिवारी के घर बीती रात चोरों ने छत के सहारे घर में घुसकर लाखों रूपए के गहने व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस छानबीन में जुट गई है। चितबड़ागांव थाने में दी गई तहरीर में जिक्र किया कि शनिवार की देररात चोरों ने किसी वक्त छत के सहारे घर में घुसकर आलमारी तोड़कर उसमें रखे लाखों रूपए के सोने व चांदी के आभूषण सहित लगभग 50 हजार नकदी पर हाथ साफ कर दिया। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि पूर्व सभासद विनोद शंकर तिवारी का पूरा परिवार रोज की भांति शनिवार की रात खाना खाने के बाद अपने-अपने कमरे में सोने चले गए। इसबीच देररात किसी वक्त चोरों ने छत के सहारे घर में घुसकर दो सोने की चेन, दो मंगलसूत्र, एक सोने का मंगटीका, चार नथूनी, चांदी के पांच जोड़ा पायल सहित 50 हजार रूपए नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

### टेंपो पलटने से दो महिला समेत तीन लोगों की मौत

**बलिया।** बांसडीह-मनियर मार्ग पर आदर गांव के पास टेम्पो पलटने से अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है। घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के गांव में कोहराम मच गया। परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है।पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शनिवार की शाम बांसडीह चौराहे से सवारी लेकर टेम्पो मनियर की ओर जा रहा था। आदर गांव के पास सवारी उतारकर डुहीमुशी गांव की ओर जाने के लिए चालक टेम्पो मोड़ने लगा, तभी टेम्पो असंतुलित होकर पलट गया। हादसे में बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के डुहीमुशी गांव निवासी 50 वर्षीय रमावती देवी की मौत हो गई, जबकि डुहीमुशी गांव के ही हृदयानंद साहनी (50), कोतवाली क्षेत्र के चांदपुर गांव निवासी चमेली देवी (45) व रेखा देवी (27) घायल हो गई। सूचना पर पहुंचे कोतवाल योगेन्द्र प्रसाद सिंह ने एम्बुलेंस उपलब्ध न होने पर निजी वाहन से घायलों को पीएचसी, फिर जिला अस्पताल भेज दिया।

### जायसवाल समाज के पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न

**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना नगर पंचायत के मोहल्ला सैदपुर में रविवार को जयसवाल समाज के पदाधिकारी की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष प्रेमचंद जायसवाल मास्टर साहब ने समाज के लोगों से अपील किया कि हम सब एक होकर ही समाज को एक नई दिशा देने का काम करेंगे ।हम सभी का यह कर्तव्य है कि समाज में दबे कुचले शोषित परिवार के लोगों की मदद करते हुए समाज को आगे के पथ पर अग्रसर करें। जिससे समाज में एक हमारी अच्छी पहचान बन सके। समाज के लोगों को एक जुट होने पर बल दिया जिस समाज में लोगों की प्रति हम लोग की छवि अच्छी हो और लोग हमें समय-समय पर प्रत्येक पर्वों पर समझे और हम उसकी मदद करें।

विधानसभा निर्वाचन नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण के प्रथम विशेष कैंप दिवस आयोजित

# दो आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की जगह उनके पति कर रहे थे ड्यूटी, भड़के डीएम

◆ तीन बीएलओ के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने रविवार की दोपहर उच्च प्राथमिक विद्यालय भृगु आश्रम, जलालपुर के आंगनबाड़ी केंद्र व उच्च प्राथमिक विद्यालय फेफना पहुंचकर बूथ केंद्रों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी सर्वप्रथम उच्च प्राथमिक विद्यालय भृगु आश्रम पहुंचे। यहां पर सात बूथ और सात बीएलओ तैनात थे। एक बीएलओ के स्थान पर उनकी लड़की की ड्यूटी पाये जाने पर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया। यहां पर उन्होंने फॉर्म छह के अंतर्गत कितने महिला और पुरुषों के आवेदन और जेंडर रेशियों के बारे में जानकारी ली।

इसके बाद जिलाधिकारी ग्राम पंचायत जलालपुर के आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर वहां के बीएलओ को जरूरी दिशा निर्देश दिया। यहां पर एक-एक बूथ और एक-एक बीएलओ तैनात थे। तत्पश्चात जिलाधिकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय फेफना शिक्षा क्षेत्र गडवार पहुंचे,तो पाया कि दो आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के स्थान पर उनके पति ड्यूटी कर रहे थे और एक बीएलओ की लापरवाही पर उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए एईआरओ को तीन बीएलओ के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए। यहां कुल 4 बीएलओ तैनात थे। अधिकतर बूथ केन्द्रों के बीएलओ को जेंडर रेशियों के बारे में जानकारी नहीं थी, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र को निर्देश दिया कि इनकी ट्रेनिंग शीघ्र करवाकर निर्वाचन संबंधित सभी जानकारियों से अवगत कराना सुनिश्चित करें।





### कई मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार ने विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान लगाए गए प्रथम विशेष कैंप के दौरान तहसील मधुबन एवं घोसी स्थित मतदान केंद्रों के कई बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान कंपोजिट विद्यालय मधुबन के दो मतदान केंद्रों के आठ बूथ, कंपोजिट विद्यालय सिपाह इब्राहिमाबाद शिक्षा क्षेत्र घोसी के दो मतदान केंद्रों के पांच बूथ एवं प्राथमिक विद्यालय चक कुचाई शिक्षा क्षेत्र घोसी स्थित एक बूथ का निरीक्षण जिला अधिकारी द्वारा किया गया। जिलाधिकारी ने वहां पर तैनात बूथ लेवल अधिकारियों से निर्वाचन नामावलियों में वोटरों की संख्या, जेंडर एवं ई.पी.रेशियो के अलावा फार्म 6,7 एवं 8 की अद्यतन स्थिति के संबंध में जानकारी लेते हुए बूथ लेवल अधिकारियों को 18 से 19 वर्ष के समस्त युवाओं का नाम जोड़ने हेतु आवश्यक कार्रवाईके निर्देश दिए।

### समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक सम्पन्न

**मऊ।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक 5 नवंबर को विधानसभा अध्यक्ष आमान अहमद के नेतृत्व में ए एच एन वी कॉलेज हालिमाबाद मे सकुशल संपन्न हुई ।जिसमें मुख्य एजेंडा के रूप मे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का पुनरीक्षण एवं परिवर्धन का कार्य रहा। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार पिछड़ा दलित की तर्ज पर गांव-गांव घर-घर जाकर समस्त वर्गों से समंजस्य स्थापित कर नाम बढ़ाने व काटने का कार्य बी एल ओ मिलकर करें एवं लोगों को पार्टी की नीतियों से अवगत कराते हुए भविष्य में बनने वाली सरकार पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक वर्गों के हितों की रक्षा करने के प्रति पूर्ण रूप से संकल्पित रहेगी। भाजपा सरकार की नीतियों ने देश की जो आज हालात कर दी है जिसमें किसान, नौजवान, दलित ,बुनकर ,मजदूर ,अति दलित वर्ग की आर्थिक सामाजिक और राजनीतिक स्थिति बद से बदतर होती जा रही है जिनके विषय में यह गूंगी बहरी सरकार ना सोचकर धर्म और मजहब का कार्ड खेल कर पुनः सत्ता में आना चाहती है ।बैठक में मिट्ठू राजभर पूर्व अध्यक्ष, राम शब्द यादव ,राम प्रकाश यादव सीताराम यादव, महासचिव अजीत यादव, ब्लॉक अध्यक्ष रामु प्रसाद यादव, एवं जय हिंद यादव, डॉक्टर शोचन भारती ,चंद्र भूषण यादव ,दिनेश रावत ,सदानंद यादव ,महिला अध्यक्ष सुनीता यादव ,नगर अध्यक्ष मोहम्मदाबाद कैसर जहां, कमरू दृजा, मुन्ना खान रामप्रीत राजभर, सुरेंद्र यादव, आकिब।

## एक नजर

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो गिरफ्तार



**बलिया।** गड़वार थाने की पुलिस ने रविवार की सुबह मेऊली मोड़ के पास से चोरी की एक मोटर साइकिल के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों का नाम सनी पासवान पुत्र सुरेन्द्र पासवान व निखिल गुप्ता पुत्र मनोज गुप्ता निवासीगण ग्राम बहादुरपुरकारी थाना गड़वार है। गड़वार थाने की पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी की मोटर साइकिल के साथ दो आरोपी मेऊली मोड़ के पास खड़ा है। तभी पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों ने अपना जुर्म कबूलते हुए कहा कि वे लोग रतसड़ रामलीला मैदान से बाइक चोरी किया था तथा नंबर प्लेट बदलकर उसे चला रहा था। गड़वार थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपीगण सनी पासवान व निखिल गुप्ता को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया गया है।

### क्लस्टर बेस्ड ट्रेंनिंग द्वारा प्रशिक्षित किये जा रहे हैं 108 व 102 एंबुलेंस कर्मी



**मऊ।** ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज संस्था की तरफ से 102 एवं 108 एंबुलेंस सेवा को और बेहतर बनाने के लिए कर्मियों को प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है जिसमें लखनऊ से आए ट्रेनर धर्मेंद्र गोंड तथा सत्य प्रकाश प्रशिक्षण दे रहे हैं । एंबुलेंस के जिला प्रोग्राम मैनेजर राजन विश्वकर्मा ने बताया यह ट्रेनिंग अलग-अलग बैच में की जा रही है। इस ट्रेनिंग में मंडलीय इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (ई.म.टी.) को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस ट्रेनिंग में मरीजों को एंबुलेंस में प्राथमिक उपचार देते हुए अस्पताल में सही समय पर पहुंचने पर विशेष ध्यान दिया गया है। ट्रेनर धर्मेंद्र गोंड ने बताया कि गंभीर मरीजों को ऑक्सीजन, नेबुलाइजेशन, सक्शन, सीपीआर और इमरजेंसी दावों के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। 108 एंबुलेंस सभी प्रकार की आकस्मिक इमरजेंसी एवं 102 गर्भवती महिलाएं एवं 2 साल तक के बच्चों के लिए पूर्णतया निःशुल्क सेवा है। जो की 24 घंटे 7 दिन जनता की सेवा के लिए उपलब्ध रहती है। इस मौके पर रीजनल मैनेजर सुमित प्रताप सिंह जिला कोऑर्डिनेटर सिद्धार्थ हिमांशु आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस की लापरवाही से चार माह बाद भी नहीं हुआ चोरी का खुलासा

**बलिया।** बैरिया पुलिस की उदासीनता एक बार फिर उजागर हुई है। चार माह पूर्व चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ। लेकिन अब तक पुलिस इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं किया है। दरअसल मामला विद्यालय में चालक द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। प्रबंधक ने चार माह पूर्व पुलिस को तरहीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस को सीसीटीवी का फुटेज भी उपलब्ध करा दिया। बावजूद पुलिस मामले में मौन बनी हुई। अबतक इस मामले में किसी भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। बता दें कि तालिबपुर निवासी अशोक कुमार सिंह की तहरीर देकर बताया था कि मेरा विद्यालय श्री विष्णुबाबा पब्लिक स्कूल इण्डा भारती के मठिया कोटवां रानीगंज बाजार में स्थित है। विगत 22 जून की रात्रि में विद्यालय का ताला तोड़कर विद्यालय का बस चालक रविकान्त यादव उर्फ मैनेजर यादव द्वारा चोरी को अंजाम दिया गया। इस मामले में नामजद पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मुसलमान की बदहाली के लिए जिम्मेदार समाजवादी पार्टी और कांग्रेसी: शमीम



**केटी न्यूज/बलिया**

आगामी 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर एआईएमआईएम पार्टी की बैठक सिकरिया कला गांव में रविवार की दोपहर हुई। इस दौरान पार्टी कार्यालय का उद्घाटन प्रदेश महासचिव मोहम्मद शमीम खान के करकमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश महासचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि वक्त आ गया है कि हम लोग भी अपना पार्टी नेता और झंडा बना लें। जब तक आपका अपना लीडर नहीं होगा तब तक हमारे मसले हल नहीं होंगे। भारत में मुसलमान की बदहाली के जिम्मेदार कांग्रेस और समाजवादी पार्टी है। जिलाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि संविधान के दायरे में रहकर हमें जुल्म के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखनी होगी। जिला महासचिव शमशीर आलम ने कहा कि बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब जैसा ईमानदार और सच्चा लीडर पूरे हिंदुस्तान में नहीं है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला संगठन मंत्री मुदस्सिर अंसारी जिला सचिव दीपक यादव,अनवर हुसैन खान,आसिफ अली,वसीम अहमद सलीम अहमद, तौसीफ खान,डॉ इसरार अहमद, त्रिभुवन राम इत्यादि मौजूद रहे।

### किंग्स ईडन इंटरनेशनल स्कूल में कार्यशाला का आयोजन

**मऊ।** किंग्स ईडन इंटरनेशनल स्कूल में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया ।जिसका मुख्य विषय रहा ' कैसे हो बच्चों की प्रभावशाली परवरिश,एक पारम्परिक प्रश्न ' रहा । कार्यशाला के मुख्य अतिथि डॉ सुरेंद्र दास एवं श्रीमती अनुष्का करेरा (महाराष्ट्र )रहे। कार्यक्रम का शुभारम दीप प्रज्वलन एवम् गणेश वंदना नृत्य से हुआ । इसके बाद महाराष्ट्र से आए विद्यालय के सलाहकार डॉ सुरेंद्र दास ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि आज बच्चों कि अच्छी परवरिश अभिभावकों के सामने एक बड़ा मुद्दा है।

कार्यशाला की कड़ी को आगे बढ़ते हुए मुख्य सलाहकार श्री मती अनुष्का करेरा ने बच्चों से संबंधित अभिभावकों के सभी समस्याओं का समाधान करते हुए कहा कि अभिभावक अपने बच्चों के मनोभावों को समझते हुए एक प्रभावशाली परवरिश दें, उनके साथ मित्रता का व्यवहार करें।

मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान आदि के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न

# लंबित राजस्व वादों के निस्तारण में प्रगति लाने का निर्देश

**केटी न्यूज/मऊ**



जिलाधिकारी अरुण कुमार के अध्यक्षता में कैंप कार्यालय स्थित सभागार में लंबित राजस्व वादों के निस्तारण की स्थिति, कोर्ट केस/अवमाननावाद, मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान, विभिन्न सरकारी योजनाओं हेतु भूमि की उपलब्धता ,अवैध अतिक्रमण एवं कटिया कनेक्शन के खिलाफ अभियान के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

लंबित राजस्वों की समीक्षा के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी ने बताया कि जनपद में धारा 24 के तहत उप जिलाधिकारी एवं उप जिलाधिकारी न्यायिक कोर्ट में 61% मामलों का निस्तारण अब तक किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिला अधिकारियों को अगले एक सप्ताह में धारा 24 के तहत कुल 70% मामलों के निस्तारण हेतु विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने धारा 24 के तहत वादों में प्राप्त आपत्तियों का गहन अध्ययन कर बलहीन आपत्ति वाले फाइलों को चिन्हित करने तथा अन्य लंबित वादों में नोटिस भेजने एवं तामिला की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कर वादों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उप जिलाधिकारी एवं उप जिलाधिकारी न्यायिक कोर्ट में धारा 116 के तहत लंबित मामलों में भी आवश्यक कार्रवाई कर लंबित वादों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। तहसीलदार कोर्ट में धारा 34 के तहत सदर में 1014 एवं तहसीलदार न्यायिक कोर्ट मोहम्मदाबाद गोहना में अभी भी 1138 लंबित वादों के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने तहसीलदार सदर को समस्त फाइलों का गहन अध्ययन कर वादों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। तहसीलदार न्यायिक मोहम्मदाबाद गोहना में समय सीमा के उपरांत भी अधिक संख्या में लंबित वादों के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने समय सीमा के उपरांत की समस्त फाइलों का गहन अध्ययन कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। धारा 67 के तहत लंबित राजस्व वादों की जिलाधिकारी ने लेखपालों के कार्यकाल के दौरान अवैध कब्जे की कार्रवाई होने पर, चिन्हित कर ऐसे लेखपालों के खिलाफ दंडात्मक करवाई करने को भी कहा। तहसीलदार सदर न्यायिक कोर्ट एवं तहसीलदार कोर्ट घोसी में धारा 67 के तहत लंबित मामले अधिक होने पर जिलाधिकारी ने एक सप्ताह के अंदर लंबित राजस्व वादों के निस्तारण के निर्देश दिए।



# यूपी में बनाए जाएंगे 35 नये बाल आश्रय गृह, 400 करोड़ होंगे खर्च

■ सरकार बच्चों के लिए संवेदनशील ईको सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए संकल्पबद्ध
■ 19 जिलों में बनाए जाएंगे नये आश्रय गृह

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

घर से भागे हुए, गुमशुदा, तस्करी किये गये, कामकाजी, बाल भिखारियों, मादक द्रव्यों के सेवन करने वाले बच्चों की देखभाल के लिये योगी सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से प्रदेश के 18 मंडल मुख्यालयों समेत 19 जनपदों में 35 नये आश्रय गृहों का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए शासन स्तर पर कवायद तेज हो गई है। विभाग की ओर से इसके लिए 400 करोड़ की धनराशि प्रस्तावित है। योगी सरकार प्रदेश के बच्चे को सर्वोच्च राष्ट्रीय संपत्ति मानकर उनके लिए संवेदनशील ईको सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि प्रदेश के निराश्रित और अभावग्रस्त बच्चों के लिए स्वस्थ और खुशहाल बचपन सुनिश्चित कराया जाए।



### मंडलों में होगा सभी श्रेणियों का एक गृह

दरअसल, किराये और राजकीय भवनों में संचालित बाल आश्रय भवनों में से अधिकांश की स्थिति संतोषजनक नहीं है। जर्जर भवनों, तंग कमरों, भवनों में खुली हवा व क्षमता के सापेक्ष मूलभूत ढांचों का अभाव देखते हुए सरकार नये आश्रय स्थलों का निर्माण कराने जा रही है। यहां खुले हवादार कमरे, योग, व्यायाम, खेलकूद, बागवानी आदि के लिए खुले मैदान होंगे तो चाइल्ड केयर होम, ऑब्जर्वेशन होम, न्याय बोर्ड, सुप्रीटेंडेंट एवं वॉर्डन के आवास की भी सुविधा होगी। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बालिकाओं के लिए 12 बाल गृह, बालकों के लिए 1 बाल गृह, शिशुओं और विशेषज्ञ दत्तकग्रहण यूनिट के लिए 6 बाल गृह, किशोरों के लिए 11 संपेक्षण गृह व 5 इंटीग्रेटेड होम का निर्माण प्रस्तावित है।

### अभी सात हजार बच्चों की हो रही देख-रेख

हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से विस्तृत प्रेजेंटेशन भी दिया गया है। इसमें बताया गया है कि प्रदेश में बच्चों विशेषकर बालिका गृहों की क्षमता 300 बच्चियों की है, जबकि इसके सापेक्ष इनमें सामान्यत: 485 बच्चियां रह रही हैं। इसके अलावा संप्रेक्षण गृहों की वर्तमान क्षमता 1250 बच्चों की है, यहां भी क्षमता से अधिक बच्चे रह रहे हैं। इसके परिणाम स्वरूप बच्चों की शिक्षा, चिकित्सा, कौशल विकास, जीवन कौशल तथा मानसिक, शारीरिक व भावनात्मक विकास में प्रतिकूल प्रभाव देखा गया है। इनके लिए नये गृहों को बनाना अत्यंत आवश्यक है। बता दें कि प्रदेश में अभी लगभग 7000 बच्चे 183 राजकीय और स्वैच्छिक संगठनों के माध्यम से आवासित हैं।

## खबरें फटाफट

### प्रदर्शनी में बच्चों ने एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किए

**पीडीडीयू नगर।** नगर के नई बस्ती महमूदपुर में स्थित विद्या पब्लिक स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किए। मॉडल के माध्यम से बच्चों ने जहां भविष्य की झलक दिखाई तो अंतरिक्ष में भारत की बढ़ती श?क्ति का प्रदर्शन किया। दसवीं की छात्रा ने प्रदर्शनी में दिखाया कि यदि पर्यावरण प्रदूषण नहीं रुका तो भविष्य में एसिड की बारिश हो सकती है। प्रदर्शनी का उद्घाटन स्कूल प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने किया। प्रदर्शनी में पांचवीं से दसवीं तक की छात्र छात्राओं ने एसिड की बारिश, चंद्रयान थ्री, आदित्य एल-वन, रोबोट, मॉडर्न सिटी, आधुनिक खेती, सिंचाई के आधुनिक संसाधन, पर्यावरण प्रदूषण का प्रभाव, वाटर फिल्टर सिस्टम, यातायात व्यवस्था और मानव शरीर के अंग प्रस्तुत किए। प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने कहा कि बच्चे आने वाले कल का भविष्य हैं। इस मौके पर मधुबाला सिंह, सोनाक्षी सिंह, शिवम सिंह, सुजीत बनर्जी, अंकित पटेल, नैना सिंह, सुनिधि, साहिल, नेहा, अंजली, आदित्य, गीतांजलि आदि रहे।

### अपंगता के शिकार युवक को संस्था ने प्रदान की ट्राई साइकिल

**पीडीडीयू नगर।** नगर की सेवा सामाजिक संस्था ने चकिया बरौझी निवासी कीर्तन एक दुर्घटना में घायल हो गया था। संस्था ने पीड़ित को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। अपंगता के कारण कीर्तन चल फिर नहीं रहा था। जिससे संस्था ने उसे ट्राई साइकिल प्रदान किया। जिससे पीड़ित परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई।इस दौरान संस्था के अध्यक्ष सतीश जिंदल ने कहा कि समाज सेवा मानव का सबसे बडा धर्म है। संस्था ने आगे हाथ बढ़ाकर आज उसे ट्राई साइकिल प्रदान कर पुनीत कार्य किया। कहा कि संस्था गरीब कमजोर लोगों की सेवा आगे भी करती रहेगी।इस दौरान आलोक सिंह, आशा राम यादव,संजय राय, आशीष कुमार लक्ष्य, राजकुमार जायसवाल मौजूद रहे।

### शहर को जाममुक्त करने के लिए पुलिस ने रेल अधिकारियों से की बात

**पीडीडीयू नगर।** नगर में ऑटो और ई- रिक्शा से लगने वाले जाम से शहर को मुक्त करने के लिए स्थानीय पुलिस ने रेल अधिकारियों संग मंत्रणा की। इस दौरान ऑटो, ई- रिक्शा और विक्रम को बस अड्डे से होते हुए रेलवे स्टेशन गेट संख्या एक से निकालने की योजना तैयार की है। इसके लिए बस अड्डे के आसपास लगी गुमटियों को हटाया जाएगा। साथ वहां बनीं दीवार को भी तोड़ दिया जाएगा। नगर में ऑटो व ई रिक्शा चालकों के चलते जाम की समस्या नासूर बन गई है। सबसे अधिक जाम रेलवे स्टेशन के आसपास लगा रहता है। इस समस्या के निराकरण के लिए सीओ अनिरूद्ध सिंह व कोतवाली पुलिस ने रेलवे के चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर गति शक्ति आलोक कुमार, सहायक सुरक्षा आयुक्त एचएन राम, डीईएन कोआर्डिनेशन पी तिवारी संग मंत्रण की।



### गंगा घाट पर भव्य गंगा आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# काशी से आए बटुकों ने भव्य गंगा आरती कर लोगों को किया मंत्रमुग्ध


■ जिला गंगा समिति द्वारा गंगा उत्सव का आयोजन
■ चीतनाथ घाट पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिला गंगा समिति द्वारा गंगा उत्सव के अवसर पर भव्य गंगा आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन चीतनाथ घाट पर एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया गया स काशी से आए बटुको ने भव्य गंगा आरती कर सबको मंत्रमुक्ध कर दिया। गायक राकेश शर्मा की टीम ने अपनी प्रस्तुति दी। प्रभागीय निदेशक प्रदीप ने कहा कि 04 नवंबर 2008 को गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित किया गया था तभी से प्रत्येक वर्ष 04 नवंबर को गंगा उत्सव के रुप में मनाया जाता है। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरिता अग्रवाल ने कहा कि मां गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिए हम सभी को आगे आना होगा, तभी मां गंगा की धारा स्वच्छ एवं निर्मल होगी ।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को अध्यक्ष ने गंगा शपथ दिलाई तथा सभी का स्वागत प्रभागीय निदेशक प्रदीप ने किया एवं आभार जिला परियोजना अधिकारी (नमामि गंगे) बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने प्रकट किया।

इस अवसर पर, ई ओ नवीन श्रीवास्तव, डाव संतन कुमार, सभासद उषा जायसवाल, शंकर पांडेय, लक्ष्मी कांत मिश्रा, गुंजन सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।





### राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत मनाया गया गंगा उत्सव

**चहनियां(चंदौली)।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत पतित पावनी पश्चिम वाहिनी मां गंगा के पावन तट पर गंगा उत्सव का कार्यक्रम का आयोजन किया गया । प्रभागीय वनाधिकारी चंदौली रणवीर मिश्रा के निर्देशन में गंगा घाट की सफाई, दीपदान, दीपोत्सव गंगा शपथ और मां गंगा की महाआरती संपन्न शनिवार की देर शाम को हुई । आयोजन के दौरान कार्यक्रम के आयोजन के दौरान मां काली म्यूजिकल ग्रुप के गायक कलाकार रामधन प्रसाद, आशु सिंह और ज्ञानेंद्र तिवारी मिंटू ने भक्ति गीतों से समा बांध दिया। रामधन प्रसाद गायक ने प्राणो से हमको प्यार मां गंगा का जलधारा गीत से सब का मन मोह लिया । आशु सिंह जी के द्वारा गोरी के ललना हुआ अंगना में आवे जी के माध्यम से लोगों में समा बांध दिया। कार्यक्रम के दौरान गंगा उत्सव 2023 का दीपोत्सव चित्रण रवि शंकर चौरसिया, खुशी चौरसिया और शेफाली चौरसिया ने मनमोहक चित्र प्रस्तुत किया जो की आकर्षण का केंद्र बना रहा है ।

### श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस हुई नन्दोत्सव की चर्चा

# ईश्वर का प्राकट्य ही उत्सव है: अखिलानन्द

**केटी न्यूज/चन्दौली**

स्थानीय शाहकुटी स्थित श्रीकाली मंदिर के प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया। व्यास पीठ से श्रीमद् भागवत व श्रीमानस मर्मज्ञ अखिलानन्द जी महाराज ने अपने वक्तव्य में कहा कि भगवान जब नन्दबाबा के यहां गोकुल मे आए तब समस्त गोकुलवासी आनन्दित हो उठे और ऐसे आनन्दित हुए कि वह उत्सव मे परिवर्तित हो गया। उत्सव का अर्थ बताते हुए कहा कि उत् अर्थात ईश्वर सव अर्थात प्राकट्य ईश्वर का प्राकट्य ही उत्सव है । जीवन मे हम कोई भी उत्सव मनाएं उसमे ईश्वर का प्रकटीकरण अवश्य होना चाहिए। तभी जा कर वह आयोजन उत्सव में बदलता है इसलिए किसी



भी कार्यक्रम में ईश्वर का सानिध्य होना परम आवश्यक है। आजके भौतिक युग मे लोग उत्सव को केवल मनोरंजन का साधन बना दिये हैं जो उत्सव का स्वरूप नहीं कहा जा सकता। नंद बाबा और यशोदा मैया का जीवन शास्त्र सम्मत था इसलिए भगवान कृष्ण का जन्म तो कंस के कारागृह में वसुदेव जी एवं देवकी मैया के यहाँ होता है लेकिन भगवान का पालन यशोदा व नन्द बाबा के सानिध्य में होता है । यशो ददाति इति यशोदा अर्थात जो सभी को यश प्रदान करने वाली है वही यशोदा है। नन्द का आशय आनन्द से है जो सभी को जीवन मे रहे। जो आनन्द की प्राप्ति कराता हो वही नन्द है और उसी के घर परमानन्द का प्रवेश होता है। भगवान की बाल लीला को बताते हुए कहा कि नन्दोत्सव मे सभी नन्दबाबा के यहा बधाई लेकर आती है उसी समय पूतना राक्षसी सुंदर वेश धारण कर भगवान को मारने आती है लेकिन भगवान ने उसे सायुज्य मुक्ति प्रदान की । भगवान दयालु हैं। पूतना जैसी राक्षसी को भी उत्तम गति प्रदान करना उनकी दयालुता का परिचायक है। शकटासुर तृणावर्त और यमलार्जुन का इसी प्रकार भगवान ने विभिन्न लीलाओं के माध्यम से श्रापमुक्त कर मुक्ति प्रदान की। मौके पर मौके पर पी एन सिंह, उपेन्द्र सिंह, बृजेश सिंह संजय अग्रवाल, संतोष शर्मा,यज्ञनारायण सिंह, शैलेश तिवारी,दिनेश सिंह, कन्हैयालाल जायसवाल, ममता तिवारी, छाया पाण्डेय, रेखा अग्रवाल, संतोष पाठक, राजेश तिवारी, विकास चौबे,आलोक पांडेय, पवन शुक्ला, शिवम् तिवारी, वैभव तिवारी भागवत नारायण चौरसिया, बंटी सिंह, मिथलेश मिश्रा, सुमित सिंह,मनोज श्रीवास्तव , नरेन्द्र मिश्रा ,अशोक कुमार सिंह , विजय यादव, शिवम्,संदीप, विजय कुमार,आदि ने कथा व्यवस्था में सहयोग किया। मौके पर सैकड़ों भक्तों ने कथा रूपी अमृत का लाभ उठाया।

### शक्तिपीठ मरी माता के मंदिर तक आने-जाने में भक्तों को परेशानी

**गाजीपुर।** आजमगढ़ -गाजीपुर की सीमा पर तथा जनपद के अंतिम छोर पर बसा गांव बारोडीह मुबारकपुर में अति प्राचीन मरी माता का मंदिर स्थित है। यहां पर मां से मांगी हर मुरादें पूरी होती है। माता रानी के दर्शन करने के लिए श्रद्धालु आते हैं । यह मंदिर मुख्य मार्ग से 200 मीटर दूर है। लेकिन दुर्भाग्यवश इस 200 मीटर पर किसी जनप्रतिनिधि या अधिकारी की नजर नहीं जाती। यहां तक आने-जाने की कोई सुविधा नहीं है और न रास्ता है। खडंजे का निर्माण व सीमांकन हो चुका है। लेकिन अभी खडंजा निर्माण का कार्य नहीं हुआ है।मंदिर की पुजारिन से वार्ता करने पर उन्होंने ग्राम प्रधान, बीडीओ, डीएम सहित शासन के उच्चाधिकारियों से गुजारिश की है। अगर रास्ते का निर्माण हो जाए और मातारानी के मंदिर परिसर पर चबूतरा बन जाए, तो श्रद्धालुओं के आने-जाने के कोई समस्या नहीं होगी।

## एक नजर

### चेकिंग अभियान के दौरान दो बाइक व नौ मोबाइल के साथ पांच शातिर चोर गिरफ्तार



**चंदौली।** पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार के निर्देश पर जनपद में अपराध व अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को सदर कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भिन्न भिन्न स्थानों से चोरी करने वाले गिरोह के पांच सदस्य को गिरफ्तार कर उनके पास से नौ मोबाइल व एक पल्सर बाइक व एक बुलेट बरामद किया। उक्त मामले का खुलासा सदर कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने कोतवाली में किया पुलिस ने संदीप यादव उर्फ कट्टा निवासी ग्राम बसारीकपुर अभिषेक यादव उर्फ बाबा निवासी ग्राम बसारिकपुर दीपक यादव उर्फ तबाही निवासी ग्राम रइया थाना बलुआ शुभम यादव उर्फ दिंव्यांस निवासी ग्राम बरना थाना सैयदराजा दुर्गेश राय उर्फ छोटू निवासी कड आवास के पीछे वार्ड नं0 2 को विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया। इस उपनिरीक्षक अमित मिश्रा विजय राज अशोक सिंह बन्टी सिंह ओम प्रकाश पाण्डेय चन्द्रशेखर यादव चन्दन वर्मा मौजूद रहे।

### मृत मतदाताओं का नाम सूची से काटने व नये का बढ़ाने के लिए लगाया गया कैंप



**गाजीपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शासन प्रशासन पूरी तरह से तैयारी में जुट गया है। मतदाता सूची में नाम बढ़ाने, मृत और स्थानांतरित हुए मतदाताओं के नाम काटने और संशोधन के लिए संबंधित मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान के तहत लगाए गए कैंप का एसडीएम ने निरीक्षण किया। एसडीएम संजय यादव ने मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय प्राथमिक विद्यालय बभनौलिया, रक्सहा और कर्मा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित बीएलओ को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि मतदाता पुन निरीक्षण कार्यक्रम के तहत कार्य में किसी भी प्रकार की हीला हवाली ना हो। जेंडर रेशियो को बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़े और 18 वर्ष पूरा कर चुके नए मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदाताओं को जोड़ने के लिए प्रारूप क्रमशः 6, 7, 8 भरवाए। इस बाबत एसडीएम सेवराई संजय यादव ने बताया कि मतदाता पुनर्निरीक्षण कार्यक्रम के विशेष अभियान के तहत रविवार को तहसील के बिभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

### जिले में नशीली एवं नकली दवाओं की बिक्री पर रोकथाम के लिए डीएम ने दिया निर्देश



**गाजीपुर।** जिलाधिकारी के आदेश पर अपर जिलाधिकारी ने जनपद में नशीली एवं नकली दवाओं की बिक्री पर रोकथाम के लिए औषधि निरीक्षक बृजेश कुमार मौर्य द्वारा जनपद में स्थित विभिन्न स्टाकिस्टों जैसे राधेश्याम सर्जिकल एजेंसी छावनी लाइन, पूर्वाचल डिस्टीब्यूटर एवं पूर्वांचल मेडिकल एजेंसी, भट्ट कटरा, मिश्र बाजार पर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दवा प्रतिष्ठानों पर कुछ अनियमितताएं पायी गई। जिसे निरीक्षण प्रपत्र पर अंकित करके आवश्यक कार्यवाही के लिए सहायक आयुक्त (औषधि) वाराणसी मण्डल, वाराणसी को प्रेषित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को निर्देशित किया गया है। दवाओं का क्रय पक्की बिल के माध्यम से किया जाए तथा दवाओं का विक्रय बिल के द्वारा ही किया जाए और मेडिकल स्टोरों पर जांच प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगा।

### हर्षित यादव ने यूपी टीम की तरफ से खेलते हुए नेशनल वॉलीबॉल में जीता स्वर्ण पदक




**गाजीपुर।** जम्मू कश्मीर स्पोर्ट्स काउंसिल के तत्वावधान में अंडर-17 में आयोजित 67वीं स्कूलीय नेशनल वालीबाल प्रतियोगिता में युवराजपुर निवासी वालीबाल का उभरता सितारा हर्षित यादव ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए यूपी टीम में न केवल जगह बनाया, बल्कि यूपी की ओर से खेलते हुए फाइनल मैच में राजस्थान को 18-25, 21-25, 25-18 , 25-17 व 15-11 से टीम को शानदार जीत दिलाते हुए स्वर्ण पदक व कप जीतने के साथ ही उसने प्रदेश में जिले का नाम रौशन किया है। उसके इस सफलता पर खेल प्रेमियों सहित ग्रामीणों व परिजनों में खुशी का माहौल है। इसके पहले खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में मेहमान यूपी ने मेजबान जम्मू कश्मीर को लगातार ती?न सेटो में क्रमशः 25-23, 25-20, 25-18 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। बातचीत में स्वर्ण विजेता हर्षित यादव ने बताया कि उनके लिए यह हर्ष का विषय है। बताया कि टीम के सभी खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। जिसका नतीजा रहा कि यूपी टीम ने इस प्रतिष्ठापरक प्रतियोगिता को अपने नाम कर लिया।

### महिला साधु के शव को दफनाने में बवाल, तहसीलदार ने शांत कराया मामला

**गाजीपुर।** नंदगंज थाना क्षेत्र के खिदिरपुर निवासी 78 वर्षीय महिला साधु रामराजी देवी पत्नी स्व. रामदरस राम की रविवार की सुबह पांच बजे आकस्मिक निधन के बाद परिजनों द्वारा संत परंपरा के अनुसार शव को बूढ़नपुर गांव सभा के कब्रिस्तान पर दफनाने का परंपरा है, लेकिन जैसे ही परिजनों ने कब्रिस्तान पर खुदाई करना शुरू किया। ग्राम प्रधान भूपेंद्र उर्फ. सुभाष यादव ने यह कहते यह रोक दिया कि आपकी ग्राम सभा की भूमि नहीं है यहां पर दफनाया नहीं जाएगा। इसको लेकर शव 8 घंटे तक दरवाजे पर दफन होने के लिए आदेश का इंतजार करते रहे।सूचना मिलते ही पुलिस और नायब तहसीलदार विजयकांत पांडे मौके में पहुंचकर जांच पड़ताल करने के बाद उन्होंने निर्देशित किया कि कब्रिस्तान पर ही शव को दफन किया जाएगा। उसके बाद किसी तरह मामले को समझा बुझाकर इसी कब्रिस्तान पर शव को दफनाने का निर्देश दिया। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे के बाद लोगों ने खुदाई करने के बाद संत परंपरा के अनुसार महिला साधु के शव को दफनाया गया।